राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






11 धोनी 8वें नं. पर बल्लेबाजी करने...

केंद्रिय मंत्री किरेन रिजिजू, पूर्व सीएम नबाम... 12

वर्ष : 14 | अंक : 313 | नई दिल्ली, गुरुवार, 28 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 29°C
न्यूनतम तापमान 19°C

**बाजार**

सोना 68,595
चांदी 78,800
सेंसेक्स 72,996
निफ्टी 22,133

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए, जिसमें चार पुरुष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दक्षिण बस्तर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दिनों बासागुड़ा क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के बाद से पुलिस इन इलाकों में लगातार सर्चिंग कर रही थी। सूचना के आधार पर आज केंद्रीय सुरक्षा बल, कोबरा तथा जिला रिजर्व पुलिस जवानों का संयुक्त दल बासागुड़ा इलाके से निकला था। नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक मुठभेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में एक कमांडर भी है। श्री कश्यप ने बताया कि घटना स्थल से 6 बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोट सामग्री, वायरलेस सेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा क्षेत्र के चिकुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे मुठभेड़ हुई। इलाके में अभियान लगातार जारी है।

### मप्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, पुलिस ने शुरू की जांच

राजगढ़। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खिलचीपुर कस्बे में सरकारी महाविद्यालय के परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को मंगलवार को क्षति पहुंचाई गई। खिलचीपुर पुलिस थाना प्रभारी रघुवीर सिंह धाकड़ ने महाविद्यालय के प्राचार्य के हवाले से कहा, "कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया।" उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस दल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए महाविद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है।

# लोक सभा चुनाव: बिहार में भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में पीएम मोदी, शाह शामिल

**प्रात : किरण/एजेंसी**



पटना/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करेंगे। भाजपा द्वारा बिहार के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी ने अपने प्रमुख जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय के अलावा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी शामिल किया है।सूची में जगह पाने वाले राज्य के नेताओं में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, मंत्री रेनू देवी, मंगल पांडेय, प्रेम कुमार, नीरज कुमार सिंह तथा पूर्व सांसद सैयद शाहनवाज हुसैन और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी शामिल हैं। भाजपा ने रविवार को राज्य की 17 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। इसने केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे सहित तीन मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है । पार्टी ने 2019 में लगातार दूसरी बार बक्सर से चुने गए चौबे की जगह पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। शेष सभी 14 उम्मीदवार मौजूदा सांसद हैं, जो अपनी-अपनी सीटों से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

# केजरीवाल अदालत में बतायेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया : सुनीता

**प्रात : किरण संवाददाता**




नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया है कि अरविंद केजरीवाल 28 मार्च को पूरे देश को बताएंगे कि इस कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां कहा कि कल शाम उन्होंने अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? इस बात से अरविंद केजरीवाल को बेहद पीड़ा हुई है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उनसे कहा कि इस कथित शराब घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में एक भी पैसा नहीं मिला है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के यहां छापेमारी की, संजय सिंह के यहां छापेमारी की लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईडी ने हमारे यहां भी छापेमारी की, उन्हें मात्र 73 हजार रुपए मिले तो इस घोटाले का पैसा हैं कहां? सुनीता केजरीवाल के अनुसार अरविंद केजरीवाल इसका खुलासा 28 मार्च को अदालत के सामने करेंगे। वह सारे देश को सच बताएंगे कि इस तथाकथित शराब घोटाले का पैसा कहां है? इसका सबूत भी दिया जाएगा।

### भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने को लेकर अमेरिकी राजनयिक को तलब किया

नई दिल्ली। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर बुधवार को अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी मिशन की कार्यवाहक उप प्रमुख ग्लोरिया बबेर्ना को साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय में तलब किया था। बैठक 30 मिनट से ज्यादा चली। अमेरिकी विदेश विभाग एक अधिकारी ने कहा था कि वाशिंगटन मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया के लिए प्रोत्साहित करता है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

# दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र हंगामें के चलते सोमवार तक के लिए स्थगित

**प्रात : किरण/एजेंसी**



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र आज बुलाया गया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हिरासत के बाद यह पहला सत्र बुलाया गया था, जो हंगामें के चलते सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभ का विशेष सत्र स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बुलाया गया था। इस हेतु स्वास्थ्य मंत्री के मुख्य सचिव को आदेशित किया गया था। उनसे कहा गया था कि दिल्ली विधानसभा के इस विशेष सत्र में उपस्थित होकर अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त टेस्ट की स्थिति बताएं। दिल्ली आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद यह विधानसभा का पहला विशेष सत्र होने जा रहा था, लेकिन हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार तक के लिए कार्रवाई को स्थगित कर दिया है। इससे पहले दिल्ली के अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा के लिए बुधवार को दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया गया। यहां मंगलवार को सीएम केजरीवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने और अस्पतालों व मोहल्ला क्लिनिकों में मुफ्त टेस्ट एवं मुफ्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को निर्देशित किया था। दिल्ली सरकार ने इस मुद्दे पर चर्चा करने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की थी और आज सत्र शुरू होता उससे पहले हंगामा शुरू हो गया। इसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार तक के लिए सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी है।

# ईडी के निशाने पर आप, अब सिंघला के ठिकानों पर हुई छापेमारी

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई ने कई लोगों को चिंता में डाल दिया है। खासतौर से दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े लोगों पर ईडी की नजर है। घोटाले की आंच आप नेता दीपक सिंघला तक पहुंच गई है। ईडी ने सिंघला के ठिकानों पर छापेमारी की और दस्तावेज खंगाले। दिल्ली में सिंघला स्वीट के नाम से मशहूर मिठाई की दुकानें हैं। वह एमसीडी के आम आदमी पार्टी के सह प्रभारी होने के साथ महाराष्ट्र और गोवा में पार्टी के प्रभारी भी हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सिंघला पर ईडी ने छापेमारी किस मामले में की है। फिर भी गोवा से कनेक्शन होने की वजह से माना जा रहा है कि छापेमारी कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले की वजह से हो सकती है। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि आम आदमी पार्टी ने शराब घोटाले से मिली रिश्वत का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए किया था। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड मांगते हुए ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दावा किया था कि 45 करोड़ रुपए हवाला के जरिए गोवा भेजे गए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

# नोएडा का सीए 168 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी के जरिये धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार

**प्रात : किरण/एजेंसी**



बेंगलुरु। बेंगलुरु पुलिस ने 168 करोड़ रुपये की फर्जी ई-बैंक गारंटी के जरिए 11 निजी कंपनियों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नोएडा निवासी आशीष रॉय उर्फ आशीष सक्सेना (45) को कुवैत से लौटने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया।

आशीष के खिलाफ बेंगलुरु पुलिस ने फरवरी में लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया जब इन कंपनियों द्वारा जमा की गई ई-बैंक गारंटी फर्जी पाए जाने के बाद 'नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड' के एक अधिकारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने पेशेवर संबंधों का इस्तेमाल कर ई-बैंक गारंटी प्रमाणपत्र मुहैया करने के बहाने इन निजी कंपनियों के चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा वित्तीय सलाहकारों से संपर्क किया और कमीशन के रूप में पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह अपने सहयोगी की मदद से कथित तौर पर कुवैत से काम कर रहा था। उसके सहयोगी का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि 11 निजी कंपनियों में से नौ बेंगलुरु से बाहर की हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से दो लैपटॉप, छह मोबाइल फोन और विभिन्न बैंक खातों की 10 चेक बुक बरामद की गई हैं।


### दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी: उपराज्यपाल

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार सरकार जेल से नहीं चलाई जाएगी। सक्सेना की यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन बयानों की पृष्ठभूमि में आई जिसमें उन्होंने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। 'टाइम्स नाउ समिट' में सक्सेना ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि सरकार जेल से नहीं चलेगी।

# पूर्व सीएम ने निकाला ईवीएम का तोड़

- बैलेट पेपर से चुनाव कराने सभी कार्यकर्ता करें नामांकन
- कांग्रेस की जीत सुनिश्चित कराने छग के पूर्व सीएम बघेल ने दिया मंत्र
- एक सीट पर हुए 375 प्रत्याशी तो, ईवीएम की जगह लेगा बैलेट पेपर

**प्रात : किरण/एजेंसी**



दुर्ग। ऐसा लगता है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईवीएम का हल तलाश लिया है। यही वजह है कि वो पार्टी के सभी कार्यकताओं से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए कह रहे हैं। उनका कहना है कि 375 से अधिक प्रत्याशी यदि एक लोकसभा सीट से हो जाते हैं तो फिर ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव होंगे और तब कांग्रेस की जीत निश्चित ही होगी।

यहां बतलाते चलें कि छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल भी मौजूद थे। यहां पर ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव ईवीएम से नहीं होने देना चाहिए। दरअसल बैलेट पेपर से यदि चुनाव होते हैं तो भाजपा की असलियत सभी के सामने आ जाएगी। इस दौरान पूर्व सीएम बघेल ने कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव के नियम भी बतलाए। इसी बीच उन्होंने कहा कि यदि किसी सीट पर नाम वापसी के बाद 375 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह जाते हैं तो इस स्थिति में निर्वाचन आयोग को वहां बैलेट पेपर से चुनाव कराना होगा। इसलिए आप सभी लोग चुनाव के लिए फार्म भरें। प्रत्येक लोकसभा सीट पर 375 से अधिक प्रत्याशी नाम वापसी के बाद रहने चाहिए, तभी बैलेट पेपर से चुनाव होंगे और तभी कांग्रेस की जीत भी सुनिश्चित हो सकेगी। इसके लिए कार्यक्रम के दौरान पूर्व सीएम बघेल ने समस्त कार्यकताओं को संकल्प दिलाया कि वो सभी लोकसभा सीटों में 375 से अधिक उम्मीदवार खड़े करने की कोशिश करेंगे। ऐसा करने से ईवीएम की सच्चाई भी अपने आप सामने आ जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यदि ऐसा संभव हुआ तो निश्चित ही कांग्रेस सभी जगहों पर जीत दर्ज करेगी।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि हम पर व्यंग्य कसा जाता है और कहा जाता है कि जब चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। जबकि सत्यता यह है कि कांग्रेस ने शुरू से ही स्टैंड ले रखा है कि चुनाव बैलेट से होना चाहिए, क्योंकि ईवीएम को हैक किया जा सकता है।

# चुनावी बॉण्ड के गैरकानूनी घोषित होने के बाद भाजपा ने जनार्दन रेड्डी के साथ साझेदारी की: कांग्रेस

**प्रात : किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री जी जनार्दन रेड्डी की भारतीय जनता पार्टी में वापसी करने को लेकर बुधवार को केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉण्ड को गैरकानूनी करार दिए जाने के बाद भाजपा ने 'प्लान बी' के तहत खनन कारोबारी के साथ सीधी साझेदारी की है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कटाक्ष किया कि भाजपा में शामिल होने के बाद रेड्डी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ऐसी क्लीन चिट देगा कि उनके सामने सारी सफेदी फीकी पड़ जाएगी। कर्नाटक के पूर्व मंत्री और खनन कारोबारी जी जनार्दन रेड्डी लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।रेड्डी ने पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के साथ अपना दो दशक पुराना नाता तोड़कर कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) का गठन किया था। वह अवैध खनन मामले में आरोपी हैं और गंगावती के विधायक हैं। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, "बेल्लारी बंधु, हम तीन दशक से ये नाम सुन रहे हैं। साल 1998 में इन्होंने स्वर्गीय सुषमा स्वराज जी के चुनाव की तमाम जिम्मेदारी संभाली थी। 1998 के चुनाव के बाद भाजपा ने इन्हें संभाल लिया। येदियुरप्पा जी और इनकी जुगलबंदी बड़ी मशहूर है। इस जुगलबंदी के चलते आयरन ओर एवं अवैध खनन की ऐसी लूट मची कि 'येड्डी-रेड्डी गैंग' के रूप में मशहूर हो गई।" उनका कहना था, "वर्ष 2011 और 17 के बीच इनकी कई बार गिरफ्तारी भी हुई। अब ये भाजपा में शामिल हो गए हैं। सीबीआई इन्हें ऐसी क्लीनचिट देगी कि हर सफेदी फीकी पड़ जाएगी।" उन्होंने सवाल किया, "तमाम साक्ष्य होने के बावजूद मोदी सरकार जनार्दन रेड्डी को क्यों बचा रही है? क्या ये सच नहीं है कि रेड्डी के खिलाफ 20 मामले लंबित हैं, फिर जनार्दन रेड्डी के लिए लाल कालीन क्यों बिछाई जा रही है? क्या मोदी सरकार अपने इस कदम से भ्रष्टाचार को खत्म करने के अपने ही दावों को खोखला करार नहीं दे रही है?" खेड़ा के अनुसार, "जनार्दन रेड्डी ने भाजपा में शामिल होते ही कहा कि मैं अपनी जड़ों में लौटकर आ गया हूं।

# तीस लाख सरकारी पद भरेगी कांग्रेस: प्रियंका

**प्रात : किरण/एजेंसी**



नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया है कि यदि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों में सत्ता में आती है तो रिक्त सरकारी नौकरी के 30 लाख पदों को भरा जाएगा और परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनेगा। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा कि कांग्रेस सरकार रोजगार क्रांति के जरिये देश के युवाओं का हाथ मजबूत करेगी। युवा ही देश का भविष्य हैं। वे मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि देश के कुल श्रमबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 35.2 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022 में यह 65.7 प्रतिशत यानी लगभग दोगुनी हो गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार कह रहे हैं कि सरकार बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर सकती। यही भारतीय जनता पार्टी सरकार की सच्चाई है। आज देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास युवाओं को रोजगार देने की ठोस योजना है। खाली पड़े 30 लाख सरकारी पद तत्काल भरे जाएंगे और हर स्नातक और डिप्लोमाधारक को एक लाख रुपये सालाना की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। पेपर लीक के खिलाफ नया सख्त कानून आएगा तथा गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। इसके अलावा स्टार्ट-अप के लिए 5000 करोड़ का राष्ट्रीय कोष बनाया जाएगा।

**मिशन** पीएसएलवी के पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया है

# इसरो ने हासिल की बड़ी कामयाबी, पीएसएलवी ने पूरा किया शून्य मलबा मिशन

**प्रात : किरण/एजेंसी**



चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने उस समय एक और मील का पत्थर हासिल किया है, जब पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 (पीओईएम-3) ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश करके शून्य कक्षीय मलबा मिशन को पूरा किया। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया है कि पीएसएलवी-सी58 /एक्सपीओसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है।उल्लेखनीय है कि पीएसएलवी-सी 58 मिशन को सभी उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित करने के प्राथमिक मिशन को पूरा करने के बाद 01 जनवरी, 2024 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया था।

पीएसएलवी के पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया है। इसे 650 किलोमीटर की ऊंचाई से 350 किमी तक डी-ऑर्बिट किया गया था, जिससे इसके शीघ्र पुनः प्रवेश की सुविधा मिली, और किसी भी आकस्मिक ब्रेक-अप जोखिम को कम करने के लिए अवशिष्ट प्रणोदकों को हटाने के लिए निष्क्रिय किया गया था। इसरो के मुताबिक नव विकसित स्वदेशी प्रणालियों पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और वैज्ञानिक प्रयोग करने के लिए पीओईएम-3 को कुल नौ विभिन्न प्रयोगात्मक पेलोड के साथ कॉन्फिगर किया गया था।

इनमें से छह पेलोड एनजीई द्वारा इन-स्पेस के माध्यम से वितरित किए गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शांति भंग में पुलिस ने छह का किया चालान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** केशवपुरी बस्ती में सार्वजनिक स्थान पर कुछ हंगामा करने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में छह लोगों का शांति भंग में चालान किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद गुंसाई ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली की केशवपुरी बस्ती में कुछ लोग हंगामा और हुड़दंग कर रहे है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कई सारे लोग सार्वजनिक स्थान पर शोर शराबा कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे है। पुलिस ने मामले में खेम सिंह, विनोद कुमार, अंकित कुमार सभी निवासी केशवपुरी बस्ती, रामपाल सैनी, भूगीन्द्र साहनी और अमरजीत निवासी राजीवनगर बस्ती डोईवाला को गिरफ्तार किया। सभी का शांति भंग में चालान कर दिया गया। इसके अलावा विभिन्न दुर्घटनाओं में विक्की निवासी केशवपुरी, उषा देवी निवासी बुल्लावाला, अंकित मालिक निवासी राजीवनगर, प्रिंस निवासी लालतप्पड, नीतेश निवासी विस्थापित कॉलोनी ने होली के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला में आकर उपचार लिया।

### युवती से मोबाइल छीनकर फरार दो युवक गिरफ्तार

**रूड़की, एजेंसी।** लक्सर क्षेत्र में युवती से मोबाइल छीनकर भाग रहे दो बाइक सवारों को आसपास के लोगों ने दबोच लिया। लोगों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों के पास से बाइक और मोबाइल बरामद किया गया है। लक्सर के दरगाह पुलिस निवासी लक्ष्मी 24 मार्च को किसी काम से रुड़की आई थी। वह मोबाइल पर बात करते हुए जा रही थी। इतने में पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने युवती के कान से फोन झपट लिया। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने बाइक सवारों का पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी तस्लीम निवासी मच्छी मोहल्ला बांदा रोड रुड़की, तसव्वर निवासी खंजरपुर को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से युवती से छीना गया मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है।

### विद्या मंदिर के 12वीं के छात्र अंकित रणजी के लिए चयनित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** आवास विकास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अध्ययनरत अंकित थपलियाल का उत्तराखंड रणजी क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। छात्र का चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने बताया कि अंकित थपलियाल कक्षा 12 में अध्ययनरत है। निरंतर प्रयास और मेहनत से इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इसके लिए पूरा विद्यालय परिवार और छात्र के अभिभावक बधाई के पात्र है। विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक रविंद्र परमार ने बताया कि अंकित पहले भी काफी मेडल व ट्रॉफी जीत चुके हैं।

### रैनापुर में कार पलटने से चार लोग हुए घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रानीपोखरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैनापुर में एक कार पलटने से उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को कार से निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। सोमवार को होली के दिन रानीपोखरी पुलिस को 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि रैनापुर मोड़ पर एक वाहन सड़क पर पलट गया है। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थाना रायवाला पुलिस ने 52 पव्वे देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना रायवाला पुलिस ने बताया कि 26 मार्च को पुलिस चेकिंग के दौरान पुराने अंडर पास के समीप ग्राम बराडा, जिला अंबाला, अंबेडकरनगर, हरियाणा, हाल निवासी विस्थापित कॉलोनी 16 ऋषिकेश निवासी मुकेश कुमार को 52 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा ही जीतेगी, सीएम धामी ने बताया कारण



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार भाजपा उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट भारी अंतर से जीतेगी। इस बार जीत-हार की चर्चा देश में नहीं हो रही है। इस बार चर्चा 400 पार की चल रही है।

हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार भाजपा उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट भारी अंतर से जीतेगी। इस बार जीत-हार की चर्चा देश में नहीं हो रही है। इस बार चर्चा 400 पार की चल रही है। मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे सीएम धामी ने मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू के आदर्श नगर स्थित आवास पर पत्रकारों से हुई बातचीत की। कहा कि भाजपा इस बार पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगी। इस बार भी ऐतिहासिक जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि चुनाव में चर्चा भाजपा की हार-जीत की नहीं हो रही है, बल्कि चर्चा यह है कि 400 के पार कितनी सीटें आएंगी। देश के 100 सबसे ताकतवर लोगों में शामिल होने की उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणास्रोत मानते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात काम करते हैं। पल-पल देश सेवा को समर्पित रहते हैं, उसी तर्ज पर हमें भी प्रदेश की प्रगति के लिए काम करना है। धामी ने बताया कि मंदिर माला मिशन के तहत बजट आवंटित किया जा चुका है। पहले चरण में 16 मंदिर शामिल हैं, चारधाम की तरह मानसखंड और आदि कैलास यात्रा भी चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष से भाजपा में आने वालों की लंबी फेहरिस्त है। एक के बाद एक बड़े चेहरे आने को तैयार हैं। बोले- मैंने तो प्रदेश अध्यक्ष से कहा है कि भाजपा में शामिल होने वालों के लिए मापदंड तय किया जाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, हरिमोहन अरोरा, शंकर कोरंगा आदि मौजूद रहे। उधर इसके बाद सीएम ने प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत के घर पहुंचे। यहां उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री पुष्कर ने मंगलवार रात हल्द्वानी में ही रात्रि विश्राम किया। बुधवार को वह नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से भाजपा के प्रत्याशी अजय भट्ट के नामांकन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की मौजूदगी में भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष चतुर सिंह बोरा ने मंगलवार को घर वापसी कर ली। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू के आवास में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने चतुर सिंह बोरा को माला पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

## युवक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रूड़की, एजेंसी।**
पुलिस ने पनियाला में क्रिकेट के विवाद में हुई युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में सात लोगों पर केस दर्ज है। इसमें से दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शेष की तलाश में पुलिस जुटी है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला में बीते 17 मार्च को क्रिकेट खेलने को लेकर सद्दाम का युवकों से विवाद हो गया था। उस समय तो आसपास के लोगों ने मामला शांत करा दिया था लेकिन रात के समय जब वह नमाज पढ़कर आ रहा था तो दूसरे पक्ष के युवकों ने उस पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। मारपीट में गंभीर रूप से घायल सद्दाम की मौत हो गई थी। तीन लोग घायल हो गए थे। वारदात के बाद हत्यारोपी फरार हो गए थे।

पीड़ित पक्ष ने मामले में पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को सद्दाम की हत्या के मुख्य आरोपी मुनीर निवासी पनियाला को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

## त्योहार पर घरों में आया सीवर का पानी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नवाबी रोड स्थित जय दुर्गा कॉलोनी में त्योहार पर सीवर का पानी आने की समस्या रही। इससे लोगों को टैंकर से पानी खरीदना पड़ा। शिकायत मिलने के बाद जल संस्थान ने आज पाइपलाइनों की जांच करने की बात कही है।

मंगलवार को नवाबी रोड पर कुल्यालपुरा के पास जय दुर्गा कॉलोनी में 15 से ज्यादा घरों में सीवर का गंदा पानी आने की समस्या रही। इस दौरान लोगों को पीने और घरेलू इस्तेमाल के लिए पानी की बोतलें और टैंकर खरीदना पड़ा। वार्ड नंबर आठ के पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि मंगलवार दोपहर कॉलोनी के नवीन पांडे, मोहित पतवानी और धीरज सिंह बिष्ट आदि घरों में गंदा पानी पाया। परेशान लोगों ने कहा कि त्योहार पर भी पीने का पानी का संकट रहा। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार का कहना है कि वार्ड नंबर आठ जय दुर्गा कॉलोनी में नलों में सीवर का पानी आने की शिकायत मिली है। पेयजल लाइन तो बहुत गहरी डाली गई हैं। लाइन पुरानी होने के चलते लीकेज से समस्या हो सकती है। आज जांच कराई जाएगी।

जय दुर्गा कॉलोनी निवासी उत्तम सिंह बिष्ट ने बताया कि घर में चार दिन से गंदा पानी आ रहा है। घरों की टंकी तक सीवर का पानी पहुंच गया है। विभाग को लाइनों की जांच करनी चाहिए।

जीवन सिंह मनराल ने बताया पानी की लाइन सीवर लाइन के साथ बिछाई गई होगी, तभी यह समस्या आ रही है। विभाग की लापरवाही से त्योहार पर भी पानी नहीं मिला।

जय दुर्गा कॉलोनी की कल्पना गोस्वामी ने बताया कि घर में पीने और खाना बनाने के लिए भी पानी नहीं है। त्योहार पर दुकानें भी बंद हैं, ऐसे में पानी खरीदने की समस्या हो रही है। होली पर जल संस्थान ने मंगलवार को गौला से जुड़े कनेक्शनों में अतिरिक्त पानी छोड़ा। विभाग ने सुबह और शाम के अलावा दिन में 12 बजे से दोपहर 2ः30 बजे तक अतिरिक्त शिफ्ट में पानी बांटा। विभाग के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि अतिरिक्त शिफ्ट को लेकर विभाग ने एक सप्ताह पहले ही तैयारी कर ली थी।

## जिस ओर रहेगी नारी, उस दल का पलड़ा होगा भारी; पिछले चुनाव में महिलाओं ने किया था बंपर मतदान

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
भले ही हर जगह महिलाएं कम दिखती हों लेकिन नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर सांसद चुनने में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की अधिक रुचि रहती है। पिछले चुनाव का रिकार्ड देखें तो महिलाओं की मतदान में भागीदारी अधिक थी। पढ़िए खास रिपोर्ट



नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर सांसद चुनने में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की अधिक रुचि रहती है। पिछले चुनाव में संसदीय क्षेत्र की 14 विधानसभा सीटों में से दस सीटों पर आधी आबादी ने रिकॉर्ड तोड़ मतदान कर पुरुषों को पीछे छोड़ दिया था। ऐसे में आधी आबादी को जिस प्रत्याशी ने साध लिया, उसकी जीत तय है।

दो जिलों वाले इस संसदीय क्षेत्र में नैनीताल जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र नैनीताल, भीमताल, हल्द्वानी, कालाढूंगी व लालकुआं और ऊधम सिंह नगर के नौ विस क्षेत्र जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता व खटीमा शामिल हैं। इन 14 विधानसभा क्षेत्रों में इस बार करीब 20 लाख 12 हजार 265 मतदाता हैं। इनमें लगभग नौ लाख 67 हजार 183 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 में करीब 18 लाख 28 हजार 433 मतदाता थे। इस बार करीब एक लाख 83 हजार 832 मतदाता बढ़े हैं। इनमें युवा, महिला वोटरों की भी संख्या में इजाफा हुआ है। संसदीय सीट पर भले ही महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कम हो, लेकिन पिछले चुनाव को देखें तो महिलाओं की मतदान में भागीदारी अधिक थी।

## महाराष्ट्र गए वाहन चालक की संदिग्ध हालात में मौत

**गदरपुर/दिनेशपुर, एजेंसी।** ग्राम मोहनपुर नंबर एक स्थित यार्ड से चेसिस वाहन लेकर महाराष्ट्र गए चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन चालक का शव लेकर ट्रांसपोर्ट कंपनी के ऑफिस पहुंचे और शव को गेट के सामने रखकर प्रदर्शन किया। एसओ के आश्वासन पर परिजनों ने मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

गदरपुर के ग्राम चुनपुरी निवासी गुरदीप सिंह का बेटा कुलविंदर सिंह (24) ग्राम मोहनपुर नंबर एक में स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से चेसिस वाहन चलाता था। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र गया था और वहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

## उपपा ने भी ठोकी ताल, खरीदे तीन नामांकन पत्र

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) ने भी ताल ठोकी है। मंगलवार को उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी किरन आर्या ने तीन नामांकन पत्र खरीदे। वहीं अब तक इस संसदीय सीट पर 22 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। मंगलवार को कलक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया जारी रही। उपपा प्रत्याशी ने तीन नामांकन पत्र खरीदे। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट के लिए 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान अब तक 22 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। अब तक भाजपा से अजय टम्टा, पीपीआई से डॉ. प्रमोद कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन प्रसाद नामांकन करा चुके हैं। बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन है। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन प्रक्रिया होगी। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 30 मार्च को नाम वापसी होगी। आगामी 19 अप्रैल को मतदान होगा। नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा बुधवार को नामांकन कराएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज गुड्डू ने बताया कि प्रदीप के नामांकन के दौरान विधायक मनोज तिवारी, मदन बिष्ट, हरीश धामी, मयूर मेहर, खुशाल सिंह अधिकारी समेत कांग्रेस के अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

## आईपीएल में सिर चढ़कर बोल रहा सोमांश की आवाज का जादू

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।**
प्रतिभा के दम पर बॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके नगर के नन्हे कलाकार सोमांश डंगवाल इन दिनों आईपीएल मैच में कमेंट्री कर रहे हैं। आईपीएल मैचों में उनकी कमेंट्री से परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

आईपीएल में उत्तराखंड के सितार चौके-छक्के मारते नजर आते थे। अब आईपीएल मैच में नैनीताल जिले के रामनगर निवासी कलाकार सोमांश की आवाज का जादू भी दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है। नौ वर्षीय सोमांश आईपीएल में टीमों के कप्तान, खिलाड़ियों के इंटरव्यू और मैदान में लाइव कमेंट्री से अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। सोमांश के पिता निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल ने बताया कि उनका बेटा लगातार अपने अभिनय से नई उपलब्धियां पा रहा है। बॉलीवुड में शो, फिल्में, धारावाहिक, एल्बम और विज्ञापन करने के बाद पहली बार सोमांश ने इंडिया की सबसे बड़ी लीग आईपीएल में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया है। सोमांश के साथ-साथ हम भी गर्व महसूस कर रहे हैं। पिता का कहना है कि हमें उस दिन का इंतजार है, जिस दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमांश को प्रदेश का बॉलीवुड चाइल्ड एंबेसडर बनाएंगे। बता दें कि रामनगर निवासी अनुज रावत भी आईपीएल में आरसीबी की टीम से खेल रहे हैं। हालांकि वह लंबे समय से आईपीएल से जुड़े हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में चार युवक गंगा में डूबे, होली के दिन मच गया कोहराम



**ऋषिकेश, एजेंसी।** होली के दिन ऋषिकेश तथा मुनिकीरेती क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में चार युवक गंगा में डूब गए। जिनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। जबकि करनाल हरियाणा निवासी युवक अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस व एसडीआरएफ की टीमें सर्च अभियान चला रही है। सोमवार को होली पर बड़ी संख्या में पर्यटक ऋषिकेश तथा आसपास क्षेत्र में आए थे। कई पर्यटक होली मनाने के बाद गंगा में नहाने के लिए भी पहुंचे। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनिकीरेती रितेश शाह ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे मुनिकीरेती थाना क्षेत्रांतर्गत पांडव पत्थर के के पास साईं घाट पर 28 वर्षीय निखिल पुत्र संतोष कुमार निवासी ठंडी सड़क रोड रेलवे कालोनी बठिंडा पंजाब गंगा में नहाते समय डूब गया है।

वहीं दूसरी ओर मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के ही नीम बीच गंगा घाट पर 25 वर्षीय अक्षय पुत्र सतबिरहम निवासी जनकपुरी करनाल हरियाणा तथा 37 वर्षीय सुरेंद्र नेगी पुत्र कुंदन सिंह नेगी निवासी ग्राम ग्वाल काफल पानी टिहरी गढ़वाल गंगा में नहाते समय गंगा के तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए। सूचना पाकर मुनिकीरेती पुलिस ने एसडीआरएफ के गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे युवकों की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान चलाया।

जिसके बाद सोमवार देर शाम सुरेंद्र नेगी का शव घटनास्थल के पास से बरामद किया गया।

## इस जगह की गंगा आरती वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड में शामिल, पहुंचती हैं देश-विदेश की नामचीन हस्तियां

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
परमार्थ निकेतन, गंगा घाट पर होने वाली विश्व विख्यात गंगा आरती को वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स में सूचिबद्ध किया गया है। वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स के अधिकारियों ने इस संबंध में स्वामी चिदानंद सरस्वती को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार प्रदान किया। बता दें कि यहां समय-समय पर देश-विदेश से कई सेलिब्रिटी और राजनेता गंगा आरती के लिए पहुंचते हैं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने वर्ष 1997 में गंगा आरती शुरू की थी। करीब 28 वर्षों से गंगा आरती प्रतिदिन अनवरत जारी है। स्वामी चिदानंद ने कहा कि नदियां धरती की रुधिर वाहिकाएं हैं, नदियों के जल में भारतीय संस्कृति का नाद गूंजता है। नदियां जीवन और जीविका का आधार है, शांति और सद्गति दोनों ही प्रदान करती हैं, इसलिए हमने गंगा आरती के माध्यम से जल के प्रति जागरण की शुरुआत की है। प्रतिदिन सांयकाल अनेक देशों




के लोग भी आनलाइन गंगा आरती से जुड़ते हैं और अपने हाथों में आरती की थाली लेकर अपने घरों से ही आरती करते हैं। पूरे विश्व में गंगा के प्रति अद्भुत समर्पण है इसलिए गंगा जी को संरक्षित रखना और भी महत्वपूर्ण है। वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स, लंदन (यूके) के अध्यक्ष व सीइओ संतोष शुक्ला ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती को बधाई दी। उन्होंने बताया कि परमार्थ निकेतन आश्रम की गंगा आरती को वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स ने 30 मिनट की नानस्टाप दैनिक मनमोहक आरती के रूप में सूचीबद्ध कर पुरस्कृत किया है। परमार्थ निकेतन, गंगा घाट, ऋषिकेश में विगत 28 वर्षों प्रतिदिन चलने वाला एक अद्भुत दैनिक पर्यावरण के प्रति जागरण का अनुष्ठान बन गया है और आज इसी की आवश्यकता भी है कि जल क्रांति जन क्रांति बने, जल अभियान जन अभियान बने, जल मिशन जीवन मिशन बने। मंगलवार को परमार्थ निकेतन पहुंचे वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड के अधिकारियों अभिषेक कौशिक तथा प्रिया शर्मा ने स्वामी चिदानंद सरस्वती व साध्वी भगवती सरस्वती को रिकार्ड में लिस्टिंग का प्रमाण पत्र व अवार्ड प्रदान किया। परमार्थ निकेतन में गंगा तट पर वर्ष 1997 में मां गंगा की आरती शुरू की गई थी। इसी तर्ज पर वर्ष 1998 में स्वामी चिदानंद सरस्वती के नेतृत्व में नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर के समक्ष बागमती नदी के किनारे एक विशाल गंगा आरती आयोजित की गई। वर्ष 1999 में वाराणसी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक केएस सुदर्शन, दलाई लामा, अशोक सिंघल और कई प्रतिष्ठित विभूतियों, संगीतकारों, कलाकारों के साथ एक विशाल गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जो अब अतुल्य भारत का हिस्सा बन गई है।

## 50 सोलर लाइट की रोशनी में जगमगाएगा सोबन सिंह जीना परिसर

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोबन सिंह जीना परिसर अब रात में भी सोलर लाइट की रोशनी से जगमग होगा। एसएसजे विश्वविद्यालय की पहल पर परिसर में 50 सोलर लाइट स्थापित की जाएंगी। इससे छात्रावास में रहने वाली छात्राओं और कर्मचारियों को आवाजाही के दौरान परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सोलर साइट लगने से परिसर में तेंदुए समेत अन्य जंगली जानवरों की सक्रियता भी कम होगी। एसएसजे परिसर में 15 लाख रुपये की लागत से मुख्य परिसर, महिला छात्रावास समेत दूसरे संपर्क मार्गो पर 50 सोलर लाइट स्थापित होंगी। परिसर में स्थित जियारानी और शैलजा छात्रावास में रहने वाली छात्राओं और कर्मियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इन छात्रावास में अल्मोड़ा, बागेश्वर, रानीखेत, पिथौरागढ़ समेत अन्य जिलों से 200 से अधिक छात्राएं रहती है। इसके साथ ही कई कर्मचारी अपने आवास में रहते है। यहां रात होते ही अंधेरा छाने से छात्राओं और कर्मियों को चोटिल होने के साथ ही जंगली जानवरों के हमले का खतरा बना रहता है। सोलर साइट की रोशनी में अब वे आसानी से रात में आवाजाही कर सकेंगे। जल्द रात में भी परिसर सोलर लाइट की रोशनी से जगमगाएगा। इससे उन्हें राहत पहुंचेगी। एसएसजे परिसर में बीते चार महिनों में तेंदुए ने शैलजा छात्रावास के समीप दो लावारिस जानवरों को अपना निवाला बनाया था। इससे छात्राओं और कर्मचारियों में तेंदुए की दहशत है। विश्वविद्यालय ने सुरक्षा कि दृष्टि से यहां 50 सोलर पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# दिल्ली-एनसीआर के नदियों का जल हो रहा प्रदूषित, सूख रहे पारिस्थितिकी तंत्र

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीवनदायिनी नदियों का जल प्रदूषित हो रहा है, पारिस्थितिकी तंत्र सूख रहा है और इसके असर से जीवन पर भी संकट आन पड़ा है।**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नदियां किसी भी शहर या राज्य की लाइफलाइन होती है। उनका जल ही नहीं, जैविक तंत्र भी जीव-जंतुओं और मानव को प्राण देता है। लेकिन इसे विडंबना कहें या फिर सरकारी उपेक्षा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जीवनदायिनी नदियों का जल प्रदूषित हो रहा है, पारिस्थितिकी तंत्र सूख रहा है और इसके असर से जीवन पर भी संकट आन पड़ा है। दिल्ली में यमुना का हाल राजधानी में यमुना के किनारों से काफी छेडछाड़ की गई है। पहले यह बहुत बडे.होते थे। समय के साथ वहां अतिक्रमण हुआ, निर्माण हुआ। दिल्ली में 22 किलोमीटर की यमुना में 29 पुल बन गए हैं। ड्रेनेज सिस्टम और वर्षा जल संचयन प्रणाली बेहद खराब है। वर्षा का पानी अधिक मात्रा में बहते हुए जमीन के अंदर न जाकर नदी में आ रहा है। इसलिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करना, झीलों को रिवाइव करना, ग्रीन स्पेस को बढ़ाना बहुत जरूरी है।

यमुना खादर की जमीन पर करीब चार दशकों से निर्माण कार्य एवं अतिक्रमण होता आ रहा है। भू उपयोग बदल अलग-अलग जरूरतों से यहां कितने ही निर्माण कार्यों को अनुमति दे दी गई। अक्षरधाम मंदिर और राष्ट्रमंडल खेल गांव तक खादर क्षेत्र में ही बने हैं। कई सरकारी कार्यालय भी इस क्षेत्र में बने हैं तो कई निजी प्रतिष्ठान भी चल रहे हैं।

राजनीतिक एवं प्रशासनिक हस्तक्षेप से इन्हें स्वीकृति भी मिलती गई। डीडीए से प्राप्त आंकड़ों पर जाएं तो 2009 में यमुना खादर का कुल क्षेत्र करीब नौ हजार हेक्टेयर था। इसमें से करीब 2500 हेक्टेयर अतिक्रमण की चपेट में है। अब डीडीए अपने पास बमुश्किल 1300 हेक्टेयर ही बता रहा है।

आलम यह कि इस नदी का पानी आचमन करने तो छोड़ो, नहाने लायक भी नहीं है। आक्सीजन की कमी से इसमें ज्यादातर मछलियां भी मर चुकी हैं। नदी के किनारे होने वाली खेती स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है तो उस पर भी रोक लगा दी गई है।

साहिबी नदी

नजफगढ़ सबसे बड़ा नाला है जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में साहिबी नदी के नाम से भी जाना जाता है। यह हरियाणा से दक्षिण पश्चिम दिल्ली में प्रवेश करती है। वजीराबाद बैराज के नीचे की ओर, यमुना में शामिल होने से पहले यह 57.489 किमी की दूरी तय करती है।

मसानी बैराज, जिसे मसानी पुल भी कहा जाता है, मौसमी साहिबी नदी पर 1989 में बनकर तैयार हुआ एक बैराज है, जिसका नाम हरियाणा के रेवाड़ी जिले के मसानी गांव के नाम पर रखा गया है।

57 किलोमीटर लंबे नजफगढ़ ड्रेन में 122 नालियों का गंदा पानी गिरता है, जो यमुना को भी प्रदूषित कर रहा है। अगर 32 नालों के गंदे पानी को गिरने से रोक दिया जाता है तो कुछ हद तक ड्रेन को साफ रखने में मदद मिलेगी। एक अनुमान के मुताबिक इन 32 नालों से 25 प्रतिशत दूषित पानी ड्रेन में गिरता है। इसकी गंदगी और दुर्गंध से आसपास पारिस्थितिकी तंत्र के नाम पर तो कुछ बचा ही नहीं है। लोगों का जीना भी मुहाल है।

हरियाणा एनसीआर में यमुना का हाल सोनीपत का दूषित पानी ड्रेन नंबर आठ के जरिए पल्ला गांव के पास यमुना में मिलता है।

बहादुरगढ का दूषित पानी नजफगढ ड्रेन के जरिए यमुना में गिरता है

फरीदाबाद का दूषित पानी गौंछी ड्रेन के जरिए यमुना को मैला कर रहा है।

ग्रीन कारिडोर बनाने की योजना भी नहीं बढ़ी आगे

फरीदाबाद से गुजर रही आगरा व गुरुग्राम नहर के बीच खाली जगह पर ग्रीन कारिडोर बनाने की योजना बनाई गई है। योजना की प्रस्तावना के अनुसार यह कारिडोर दोनों नहरों के साथ-साथ करीब आठ किलोमीटर लंबा होगा। यहां साइकिल ट्रैक भी बनाया जाना था। लोगों के सैर करने के लिए अलग से ट्रैक भी बनाया जाना था। नहर के दोनों ओर पेड़-पौधे विकसित करने की योजना थी। लेकिन यह योजना अभी सिर्फ कागजों में ही है।

गाजियाबाद से हरनंदी नदी की हालत हरनंदी नदी गाजियाबाद की पहचान है। कभी जीवनदायिनी कहा गया, लेकिन अब नाले में तब्दील हो गई है। बीते वर्ष जिला प्रशासन द्वारा हरनंदी को को बचाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया। किन्तु समिति निगरानी के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। पुराने लोग बताते हैं कि पहले हरनंदी नदी की चौड़ाई करीब डेढ़ से दो किलोमीटर थी। दूधेश्वरनाथ मंदिर तक नदी बहती थी। धीरे-धीरे नदी के किनारे अवैध कालोनियां बसती चली गईं। जिला प्रशासन ने भी इन पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब हरनंदी नदी की चौड़ाई महज 150 सो 200 मीटर में सिमट गई है।

उदगम से लेकर यमुना में गिरने तक डल रहे छोटे-बड़े कुल नाले : 180

नदी के किनारे बसे कुल गांव व कालोनी : 25

बीते माह गाजियाबाद में डीओ की मात्रा : 1.43

हापुड़ में गंगा और उसकी सहायक काली नदी

जिले में गंगा और उसकी सहायक काली नदी है। गंगा के आसपास के क्षेत्र में पेड़-पौधों की स्थिति अच्छी है, लेकिन गंगा और काली नदी का जल बहुत अधिक दूषित है। काली नदी में शहर के नालों का पानी गिरता है। मेरठ से शुरू होने वाली इस नदी का पानी यहां से बुलंदशहर, अलीगढ़ के कासगंज और वहां से कन्नौज में पहुंचकर गंगा नदी में मिलता है। जो आज भी इसी प्रकार से गंगा में जाकर गिर रहा है।

इस कारण 12 से अधिक गांवों में लोग गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सिंभावली के गांव दत्तियाना में नीम नदी के किनारे पौधारोपण करने की योजना है। विलुप्त हो चुकी इस नदी को बचाने के लिए लगभग साढ़े तीन साल पहले दैनिक जागरण ने अभियान की शुरूआत भी की थी। जिसकी सराहना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में की थी।

गौतमबुद्ध नगर में और सिमट रही हरनंदी गाजियाबाद से आकर गौतमबुद्ध नगर में छिजारसी से प्रवेश कर हरनंदी मोमनाथल गांव के पासा यमुना में मिलती है। हरनंदी की स्थिति देखकर इसे नदी कहने के बजाय लोग गंदा नाला बताते हैं। पानी की स्थिति यह है कि इसमें कोई भी जलीय जीव नहीं है। गंदे पानी के कारण बदबू भी आती है। हरनंदी के किनारों पर भारी मात्रा में गंदगी दिखाई देती है।

नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन और क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण विभाग के पास हरनंदी को स्वच्छ बनाने और गंदगी डाले जाने से रोकने की कोई योजना नहीं है। भूमाफिया ने हरनंदी के किनारे अवैध रूप से प्लाट काटकर इसकी राह को भी संकरा कर दिया है। जिससे प्रदूषित होने के साथ हरनंदी अतिक्रमण की चपेट में भी आ रही है।

एनसीआर के 13 सांसदों से अपेक्षा

पर्यावरण मंत्रालय ने 2022 में गंगा-यमुना सहित देश की 14 नदियों की सफाई को लेकर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई थी। सांसदों को चाहिए इस पर जल्द काम शुरू कराया जाए।

## 61 साल का स्कूटी चोर गिरफ्तार, 3 स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

- पुलिस टीम ने फिर छापा मारकर इस आरोपी को पकड़ा और चोरी की तीन स्कूटी बरामद की गई।

हरी नगर थाना की पुलिस टीम ने एक 61 साल उम्र के ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुलजीत के रूप में हुई है। यह चंद्र विहार का रहने वाला है। पहले यह कारपेंटर का काम करता था लेकिन बाद में जब काम नहीं चला तो फिर यह आपराधिक वारदात में शामिल हो गया। यह पहले से पांच मामलों में शामिल है। इसी महीने जेल से छूटकर बाहर आया था। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इस आरोपी के पास से तीन चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। इसे एसीपी आशीष कुमार की देखरेख में हरी नगर थाना के इंचार्ज एसीपी सत्येंद्र कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 24 मार्च को स्कूटी चोरी की शिकायत मिली थी। इस मामले की छानबीन के दौरान इस बुजुर्ग ऑटो लिफ्टर के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। पुलिस टीम ने फिर छापा मारकर इस आरोपी को पकड़ा और चोरी की तीन स्कूटी बरामद की गई। जो हरी नगर, तिलक नगर और ख्याला थाना इलाके से चुराई गई थी।

## बिहार में हत्या के कई मामलों में वांछित कुख्यात दिल्ली में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, इनाम घोषित करने की थी तैयारी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



मोतीहारी, चंपारण में हत्या व आर्म्स एक्ट के कई मामलों में वांछित बदमाश अभिषेक कुमार उर्फ राहुल सिंह उर्फ मुखिया को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से नाइन एमएम की पिस्टल, चार कारतूस व चोरी की बाइक बरामद की गई है।

डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के मुताबिक अभिषेक कुमार, खजुरिया, गांव, गोविंदगंज, मोतिहारी, जिला चंपारण, बिहार का रहने वाला है। इसके खिलाफ मोतिहारी व बेतिया आदि आसपास के थानों में 15 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

2006 में किया था पहला अपराध

इसने पहला अपराध 2006 में किया था, जब उसने सहयोगी लक्ष्मी सिंह के साथ मिलकर दवा विक्रेता अनिल कुमार को रंगदारी देने से इन्कार करने पर एके-47 राइफल से गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद उसने टूना सिंह के साथ संपत्ति विवाद के कारण एके-47 से मंटू शर्मा व एक अन्य व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

अभिषेक व टूना ने की थी चार लोगों की हत्या

दोनों वारदात के बाद उसने एके-47 अपने सहयोगी कुणाल सिंह को सौंप दिया था। बिहार पुलिस ने कुणाल से उक्त एके 47 बरामद कर ली थी। 2015 में अभिषेक ने निजी दुश्मनी के कारण अर्जुन पासवान की हत्या कर दी थी। 2016 में फिर अभिषेक व टूना सिंह ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 2017 में बेतिया कोर्ट में अभिषेक और उसके साथियों ने प्रतिद्वंद्विता के कारण बब्लू दुबे नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। कई हत्याओं के बाद 2020 में अभिषेक जेल से बाहर आने के बाद मोतिहारी जिले की राजनीति में शामिल हो गया। स्पेशल सेल को आतंकवाद, संगठित अपराध और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों को रोकने, पता लगाने और वांछित अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। स्पेशल सेल अपने जारी प्रयासों के तहत ऐसे संदिग्धों पर निगरानी रखती है। हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए आता था दिल्ली इस प्रक्रिया के दौरान बिहार के कुख्यात अपराधी अभिषेक कुमार की गतिविधि के बारे में सेल को सूचना प्राप्त हुई। यह भी पता चला कि वह दिल्ली में किसी स्थानीय अपराधी के संपर्क में है और अक्सर दिल्ली आता रहता है। यह भी पता चला है कि वह हथियार और गोला-बारूद खरीदने और किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने दिल्ली एनसीआर में आता जाता है। 24 मार्च को सेल को सूचना मिली कि बिहार का कुख्यात अपराधी अभिषेक, अक्षरधाम फ्लाई ओवर, नोएडा लिंक रोड के पास किसी ये अवैध हथियार व कारतूस लेने आने वाला है। एसीपी ललित मोहन नेगी, हृदय भूषण, इंस्पेक्टर विनोद बडोला व यशपाल भाटी के नेतृत्व में एसआइ सुंदर गौतम, राहुल सागर, सतीश, राजीव कुमार, एएसआइ पवन, हवलदार संजीव, निशांत भाटी, गौरव व मनीष की टीम ने नोएडा लिंक रोड, अक्षरधाम फ्लाईओवर के पास जब अभिषेक को रुकने के लिए इशारा किया तब उसने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक गोली दाहिने पैर में लगी।

## अलीगढ़ के दो बदमाशों को दरियागंज में हथियार के साथ दबोचा




- 10 जिंदा गोली, पिस्टल, बाईक बरामद, एक पर 35 मामले

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दरियागंज थाना की पुलिस टीम ने अलीगढ़ के दो शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान शाहरुख खान और चाहत उर्फ समीर के रूप में हुई है। यह दोनों उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ के अलग अलग इलाके के रहने वाले हैं। चाहत पहले से दिल्ली के मायापुरी, महिंद्रा पार्क, सुल्तानपुरी सहित अलीगढ़ के अलग अलग थाना इलाकों के 35 मामलों में शामिल है।

पुलिस के अनुसार तड़के चार बजे के आसपास दो मोटरसाइकिल सवार पर पुलिस टीम की नजर पड़ी। बाइक का नंबर प्लेट कुछ संदिग्ध लगा पुलिस टीम ने जैसे ही बाइक को रोका, बाइक सवार वहां से स्पीड में निकालकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया और दोनों को पकड़ा। इनकी पहचान की गई आगे की जब विस्तृत पूछताछ हुई तो पता चला की चाहत लगभग तीन दर्जन मामलों में शामिल रहा है। इस पर दिल्ली के अलग-अलग थाना इलाकों के अलावा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिला के अलग-अलग थानों में कुल मिलाकर 35 मामले दर्ज हैं। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## टूरिस्ट वीजा पर पहले गया सरबिया

- वहां से डंकी रूट से भेजा था जर्मनी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




आईजीआई एयरपोर्ट थाना की पुलिस टीम ने फर्जी वीजा के मामले में पंजाब के रहने वाले एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसने अवैध तरीके से डंकी रूट के जरिए हरियाणा के रहने वाले एक सख्स को जर्मनी भेजने की कोशिश की थी। उस शख्स को जर्मनी से वापस डिपोर्ट कर दिया गया था, जब वह शख्स भारत से टूरिस्ट वीजा पर सर्बिया गया था। वहां से जर्मनी भेजने की डंकी रूट से कोशिश कर रहा था।

डीसीपी उषा रंगरानी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। वह पंजाब के पटियाला का रहने वाला है। उसकी पुलिस टीम तलाश कर रही थी। जब हरियाणा के करनाल का रहने वाला शख्स हरविंदर सिंह को जर्मनी से आईजीआई एयरपोर्ट पर वापस भेजा गया था। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह टूरिस्ट वीजा पर सर्बिया गया था और वहां से वापस आने की बजाय वह जर्मनी जाने की कोशिश कर रहा था। इसमें इसकी मदद पंजाब के रहने वाले इस एजेंट ने की थी।

उसने आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस को बताया कि सर्बिया से होते हुए जर्मनी भेजने के बदले में 12 लाख में बात तय हुई थी। इस सिलसिले में पहले उसे टूरिस्ट वीजा पर सर्बिया भेजा गया था और फिर वहां से जर्मनी डंकी रूट से भेजने की जुगाड़ में था। एसएचओ विजेंद्र राणा की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मनोज और कांस्टेबल पंकज की टीम ने इस आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है।

## रात में कोटला मुबारकपुर में लूटा था सख्स को

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



कोटला मुबारकपुर थाना की पुलिस टीम ने एक लुटेरा को उसके नाबालिक साथी के साथ पकड़ा है। जिसकी पहचान संजीव उर्फ संजू के रूप में हुई है। यह ईस्ट किदवई नगर झुग्गी का रहने वाला है। पहले से स्नैचिंग और चोरी के 30 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि उनके पास से सिल्वर कोटेड चैन और स्मार्ट वॉच बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से कोटला मुबारकपुर के दो मामलों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार 26 मार्च को एक शख्स ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि रात में वह अपने सिस्टर के घर आईएनए मार्केट जा रहा था। इस दौरान तीन बदमाश उसके पास पहुंचे और उसके गले से सिल्वर कोटेड चैन और स्मार्ट वॉच छीनकर फरार हो गए। उसे मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसीपी डिफेंस कॉलोनी की देखरेख में एसएचओ कोटला मुबारकपुर की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इनके बारे में पता लगाना शुरू किया। और इन दोनों को जब पकड़ा तो छानबीन में एक नाबालिक निकाला। जबकि दूसरे की पहचान संजीव उर्फ संजू के रूप में हुई।

## घरों में चोरी करता, गोल्ड ज्वैलरी गिरवी रखकर लोन लेता




द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की टीम ने एक शातिर सेंधमार को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से मंगलसूत्र, गोल्ड के बैंगल्स, सिल्वर कॉइन और 23000 से ज्यादा कैश बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद नसीम के रूप में हुई है। यह मोहन गार्डन इलाके का रहने वाला है। पहले से 13 मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में एसआई धनंजय, एएसआई टोपेश की टीम ने इस शातिर सेंधमार को गिरफ्तार करने में कामयाब पाई है। और इसके पास से चोरी का सामान, कैश, गोल्ड ज्वैलरी इत्यादि बरामद किया गया। पूछताछ हुई तो पता चला कि यह गोल्ड की ज्वैलरी चोरी करने के बाद फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर उसपर लोन लिया था। पुलिस टीम ने उस कंपनी से वह गोल्ड ज्वैलरी भी बरामद कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही स्थगित



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही बुधवार को शुरू होते ही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, आप विधायकों ने सदन के वेल में आकर सीएम अरविंद केजरीवाल के समर्थन और मोदी सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद विपक्षी विधायक भी हंगामा करने लगे।

स्पीकर रामनिवास गोयल ने हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही पहले 15 मिनट के लिए स्थगित की। बाद में जब हंगामा नहीं थमा तो इसे सोमवार तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्ता पक्ष के विधायक केजरीवाल को रिहा करो, रिहा करो के नारे लगाते रहे। वहीं, विपक्ष के विधायक ह्यकेजरीवाल इस्तीफा दो, इस्तीफा दो के नारे लगा रहे थे।

विधानसभा परिसर और बाहर जमकर नारेबाजी

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता विधानसभा परिसर में आ गए और जमकर नारेबाजी की। वहीं विधानसभा के बाहर बीजेपी के कार्यकर्ता जुटे हुए थे। वीरेंद्र सचदेवा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक कुछ कार्यकताओं के साथ विधानसभा के गेट पर पहुंचकर केजरीवाल इस्तीफा दो के नारे लगाने लगे। वहीं आप के कार्यकर्ता केजरीवाल का मुखौटा पहनकर केजरीवाल को रिहा करो का नारा लगा रहे थे।

## न्यू उस्मानपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग कर बार संचालक की हत्या

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

न्यू उस्मानपुर इलाके में बार संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी। एक मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक संजय (32) के सिर, पेट, कंधे व कोहनी में गोली है। बदमाशों ने सात गोलियां दागी थीं।

आरोपितों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या के आरोप में प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि मृतक खुद एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में आरोपित था। माना जा रहा है कि रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

हनुमान मंदिर वाली गली के पास का है मामला

संजय का परिवार न्यू उस्मानपुर पहला पुश्ता गली नंबर दो ए-ब्लाक में रहता है। मृतक के भाई विकी के मुताबिक, संजय का उस्मानपुर चौथे पुश्ते पर बार है। वह मंगलवार रात 11:40 बजे बार बंद करके मोटरसाइकिल पर घर के लिए निकले थे। रात 12:05 बजे भाई के दोस्त ने फोन पर जानकारी दी कि उस्मानपुर दूसरे पुश्ते की सर्विस रोड पर हनुमान मंदिर वाली गली के पास किसी ने संजय को गोली मार दी है।

पुलिस के मुताबिक वारदात को संजय के सिर, दाएं कंधे, दायीं कोहनी और पेट में गोली लगी थी। मौके से सात खोखे, एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने शुरूआती छानबीन में पाया कि वर्ष 2010 में पड़ोसी रविंद्र की हत्या के मामले में संजय समेत चार लोग आरोपित थे। मृतक संजय के परिवार में पत्नी अर्चना, बेटी, बेटा, दो भाई व अन्य सदस्य हैं।

## शराब घोटाले का पैसा कहां गया? 28 मार्च को सीएम केजरीवाल देंगे सबूत

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार दोपहर को प्रेस कॉन्फ्रेस कर अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। उन्होंने दावा किया कि शराब घोटाले का पैसा कहां गया, इसकी जानकारी सीएम केजरीवाल 28 मार्च को सबूत के साथ पेश करेंगे। बता दें, सुनीता केजरीवाल लगातार ईडी दफ्तर जाकर सीएम से मुलाकात करती हैं। उन्होंने कहा, कल शाम मैंने अरविंद जी से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? रविंद जी ने मुझसे कहा इस शराब घोटाले की जांच में एऊने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की अभी तक किसी भी छापेमारी में पैसा बरामद नहीं हुए। अदालत में सबूत देंगे सीएम केजरीवालः सुनीता

उन्होंने कहा कि अरविंद जी ने कहा है कि शराब घोटाले का पैसा कहां गया, इसका खुलासा वे 28 मार्च को अदालत में करेंगे। वे इसका सबूत भी देंगे। अरविंद जी ने कहा है कि मेरा शरीर जेल में है लेकिन मेरी आत्मा आप सबके बीच है। बता दें, सुनीता केजरीवाल दूसरी बार प्रेस में अपना बयान जारी किया है। इससे पहले, उन्होंने 23 मार्च को प्रेस में अपना बयान दिया था।

## साईबर सेल साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट का बड़ा खुलासा

- MBA पास मास्टर माइंड सहित चार आरोपी गिरफ्तार
- करोलबाग के एड्रेस पर फर्जी सेल कंपनी खोलकर की थी चीटिंग
- 03 महीने में फर्जी अकाउंट से 06 करोड़ का ट्रांजेक्शन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साइबर थाना की पुलिस टीम ने टेलीग्राम के जरिए संपर्क करके लोगों से लाखों की चीटिंग करने के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। इस मामले में दिल्ली के एक यूनिवर्सिटी से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री ले चुके मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद जो बैंक अकाउंट के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है उसमें कुछ ही महीनों में 6 करोड़ के ट्रांजेक्शन का पता चला है। पुलिस ने बैंक अकाउंट में मौजूद तीन लाख की रकम को फ्रीज करवा दिया है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल, 10 बैंक का पासबुक/ चेक बुक, एटीएम कार्ड भी रिकवर किया गया है। इस तरह की चीटिंग के 11 कंप्लेंट का भी पुलिस को पता चला है। जो सीज किए गए दोनों बैंक अकाउंट को लेकर किए गए थे।

9 जनवरी को शख्स ने कराई थी ऑनलाइन कंप्लेंट

डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीणा के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विकास आहूजा, अजय उर्फ अजू, इशू और दलीप कुमार के रूप में हुई है। यह सभी दिल्ली के लक्ष्मी नगर, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ और पश्चिमी दिल्ली के रघुवीर नगर और उत्तम नगर इलाके के रहने वाले हैं। इस साल 9 जनवरी को मनीष कुमार मीणा नाम के शख्स ने ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि 2 जनवरी को टेलीग्राम के जरिए एक शख्स ने संपर्क किया और एक कंपनी में वर्क फ्रॉम होम काम करने का ऑफर दिया गया। ऑनलाइन फूड की रेटिंग के बदले 1000 से 1500 रूपया कमिशन के रूप में कमाने का भरोसा दिया था।

5 लाख 37 हजार से ज्यादा का अमाउंट की चीटिंग

धीरे-धीरे पीड़ित मनीष से अलग-अलग बैंक अकाउंट में अमाउंट ट्रांसफर करवाया गया। जब पीड़ित को मामले में संदेह लगा तो उसने पेमेंट करना रोक दिया तो आरोपियों ने उसका इंस्टाग्राम आईडी डिलीट कर दिया। इस दौरान पीड़ित से 05 लाख 37 हजार से ज्यादा का अमाउंट प्राइवेट बैंक के अकाउंट में ट्रांसफर करवा कर उससे चीटिंग कर चुके थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।

दोनों ही अकाउंट करोल बाग के एड्रेस पर खुले हुए थे एसीपी ऑपरेशन देवेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में एसएचओ विकास बुलडक की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया। पता चला कि जिस बैंक अकाउंट में अमाउंट ट्रांसफर हुए हैं वह दो अलग-अलग कंपनी के नाम पर दर्ज हैं। दोनों ही अकाउंट करोल बाग के रैगरपुरा के एड्रेस पर खुले हुए हैं। अकाउंट होल्डर की पहचान संदीप कुमार रायकवार और नरेंद्र कुमार के रूप में हुई। जहां से पता चला यह दोनों मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के रहने वाले हैं। इन दोनों अकाउंट की जब जांच की गई तो पता चला कि 6 करोड़ के आसपास का इस अकाउंट में ट्रांजेक्शन कुछ महीने में हुआ है। अकाउंट में मौजूद तीन लाख के अमाउंट को पुलिस ने फ्रिज करवा दिया।

टीकमगढ़ के दो लोगों को जॉब का लालच देकर लाया जांच में पता चला कि इस तरह के कई शिकायत इसी दोनो अकाउंट से संबंधित और भी मौजूद हैं। पुलिस टीम ने जब अकाउंट होल्डर से पूछताछ की तो उन्होंने अजय के बारे में बताया। जो मध्य प्रदेश के ही टीकमगढ़ का ही रहने वाला था। उसी ने दोनों बैंक अकाउंट होल्डर संदीप और नरेन्द्र को दिल्ली लाया था बड़ी कंपनी में जॉब दिलाने के लिए। यहां पर उसे जब का भरोसा देखकर पेपर पर साइन करवाया गया था। फिर पुलिस एक एक करके तीन आरोपियों को पकड़ने में कामयाब हो गई।

रैगरपुरा में दो दुकान किराए पर लिया 20000 रेंट पर गिरफ्तार आरोपी इशू ने पुलिस को बताया कि वह विकास आहूजा के संपर्क में दिलीप कुमार के जरिए पिछले साल दिसंबर महीने में आया था। उसने एक सिम दिया और उस नंबर के लिए दो शॉप रेंट पर लेने के लिए कहा। दिलीप और विकास आहूजा के कहने पर करोल बाग के रैगरपुरा में इशू ने दो दुकान किराए पर लिया 20000 रेंट पर। टीकमगढ़ के रहने वाले अजय ने टीकमगढ़ से दो लोगों संदीप और नरेंद्र को नौकरी दिलाने के बहाने दिल्ली लाया था। फिर विकास आहूजा ने प्राइवेट बैंक के ऑफिसर से संपर्क करके उन दोनों शॉप के एड्रेस पर करंट अकाउंट खुलवाया।

विकास से 6 मोबाइल, 6 बैंक अकाउंट किट बरामद वहीं आरोपी दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका संपर्क विकास आहूजा से पिछले साल अगस्त महीने में हुआ था।

## बीएसएफ ने भारत पाक बोर्डर के खेत से बरामद किया ड्रोन

**यह ड्रोन अमृतसर जिला के पंजग्रेन गांव में खेत से बरामद हुआ**



बोर्डर सिक्योरिटी फोर्स की टीम ने भारत-पाकिस्तान के अमृतसर बॉर्डर इलाके में स्थित एक खेत से एक क्षतिग्रस्त ड्रोन को बरामद किया है। दिल्ली मुख्यालय से मामले की जानकारी देते हुए बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि खेत में काम करने के दौरान एक अलर्ट किसान की नजर ड्रोन पर पड़ी थी। तुरंत उसने सूचना दी, मौके पर पहुंचे बीएसएफ के जवानों ने पहुंचकर छतिग्रस्त ड्रोन को बरामद किया। यह बरामदगी अमृतसर जिला के पंजग्रेन गांव में की गई है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार,28 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

प्रयागराज। जनपद के करछना क्षेत्र के अंतर्गत नहर पुलिया के पास बुधवार को सुबह एक युवक खून से लथपथ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक का एक पैर कट गया है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि घायल युवक अंकित उर्फ मोनू (23) पुत्र शेर बहादुर निवासी बरदहा का रहने वाला है। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी करछना ले गई। जहां कुछ देर मकल युवक ने दम तोड़ दिया। आशंका जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से गिरने के कारण वह हादसे का शिकार हुआ है।

### यूपी कैडर में वापस भेजे गये आईपीएस पीवी रामाशास्त्री

लखनऊ। केंद्र में तैनाती की तय अवधि के बीच में ही तेज तर्रार व सीनियर आईपीएस अधिकारी पीवी रामा शास्त्री को यूपी कैडर में वापस भेजा गया है। उत्तर प्रदेश के सीनियर आईपीएस पीवी रामाशास्त्री ने पूर्व में वाराणसी जोन के एडीजी, एडीजी लॉ एंड आर्डर, डीजी विजलेंस जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभाते हुए उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उप्र शासन की ओर से सीनियर आईपीएस और तत्कालीन डीजी विजलेंस पीवी रामा शास्त्री को 31 मई 2025 तक के लिए कार्यमुक्त किया था। बीएसएफ के एडीजी पद पर तैनाती के कारण आईपीएस पीवी रामाशास्त्री उत्तर प्रदेश से अपने कार्यक्षेत्र को चले गये थे। अभी पीवी रामा शास्त्री की वापसी को लेकर कई प्रकार के कयास लगाये जा रहे हैं। जानकारी हो कि आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले के मूल निवासी सीनियर आईपीएस पीवी रामा शास्त्री 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पीवी रामा शास्त्री ने भारत सरकार में भी दायित्व ज्वाइंट सेक्रेटरी कन्ज्यूमर अफेयर्स, एनआईए में आईजी जैसी सेवाएं दी हैं। गुजरात पुलिस के रहते हुए पीवी रामा शास्त्री का नाम तेजतर्रार अधिकारियों में शुमार हो गया था।

### बैंकों की जांच कर पुलिस ने सुरक्षा उपायों को परखा

औरैया। जनपद पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र की बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंकों के आसपास दिखने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर दोबारा नजर आने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस ने उपभोक्ताओं से बातचीत कर लेनदेन करते समय सतर्कता बरतने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी दी। अछल्दा पुलिस ने कस्बे में संचालित छह बैंकों में जाकर वहां लगे सुरक्षा उपकरणों, सायरन और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। साथ ही एटीएम धारकों से अपना कार्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के हाथों में न देने के अपील की। पुलिस ने कहा कि किसी को भी एटीएम पासवर्ड न बताएं और एटीएम मशीन पर रुपये निकालने के दौरान अनजान व्यक्ति के सामने पासवर्ड डालने की कोई जरूरत नहीं है। इस दौरान कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक रामस्वरूप व अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# मोदी ने धारा 370 हटाई, आपको हर बूथ पर बढ़ाने हैं 370 वोट : योगी

प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित बनाने की दिशा में अपना कार्य किया है। उन्होंने अपना काम किया, अब हमारा काम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाई तो हमें हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर देने हैं। 26 अप्रैल तक हर प्रबुद्ध जन को नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधि बनकर कार्य करना है। भाजपा को 370 सीटें और सहयोगियों के साथ 400 पार कराना है। विकसित भारत के सपने को नरेंद्र मोदी साकार करेंगे। मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में बुधवार को भाजपा ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल का प्रबुद्धजनों से परिचय कराया और वर्तमान सांसद राजेंद्र अग्रवाल के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने मेरठ में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है। अब इस सफर को अरुण गोविल आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन का दौर है। मेरठ के आसपास के लोग भी पहले दिल्ली रहते थे। मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे के निर्माण से अब के वहां न रहकर यहां से दिल्ली आवागमन करने लगे हैं। दिल्ली के लोग भी अब मेरठ में रहने लगे हैं। मेरठ में ही प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय बन रहा है और गंगा एक्सप्रेस वे भी मेरठ से शुरू हो रहा है। मेरठ विकास का मॉडल बनकर उभरा है। अरुण गोविल के बचपन का मेरठ और आज का मेरठ अलग है। वह भी मेरठ को पहचान नहीं पाए। उन्होंने कहा कि उस समय मेरठ की स्थिति और आज की स्थिति में बहुत परिवर्तन हुआ है। मेरठ उस परिवर्तन का साक्षी बन रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में आवाज उठ रही है कि हम सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं। इसलिए लोग बार-बार मोदी को चुनते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम करके दिखाया है। आज देश के लोगों को पूरी दुनिया में सम्मान की निगाहों से देखा जा रहा है। 2014 से पहले भारत के व्यक्ति को विदेशों में शक की निगाह से देखा जाता था। आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बेहतर हुई है। नक्सलवाद, आतंकवाद नियंत्रित हुआ है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र का एक विधान, एक निशान और एक प्रधान होना चाहिए। पीएम मोदी ने धारा 370 हटाकर इसे संभव कर दिखाया। पहले अयोध्या जाने पर रामलला के दर्शन नहीं होते थे। 500 वर्षों बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन हो रहे हैं। क्या यह कांग्रेस, सपा, बसपा, इंडी गठबंधन कर पाता। विरासत और विकास को एक साथ ले जाने वाली केवल मोदी सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी ने विरासत का भी संरक्षण किया और विकास की नई इबारत भी लिखी।

विपक्षी दलों पर जमकर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जातिवाद के नाम पर समाज के ताने-बाने को सपा, बसपा, कांग्रेस तोड़ रहे हैं। मोदी ने 140 करोड़ के भारत को ही अपना परिवार कहा। विपक्षियों के लिए फैमिली फर्स्ट है, जबकि नरेंद्र मोदी के लिए नेशन फर्स्ट है। मोदी ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी तो विपक्षियों ने जातिवाद को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला चुनाव है, जिसमें देश के किसी भी कोने में जनता के सामने असमंजस की स्थिति नहीं है। सभी के सामने केवल एक ही लक्ष्य है विकसित भारत। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश है। इसके लिए पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल चाहिए। मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेगा। इससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी और भारत ग्लोबल लीडर बनकर उभरेगा। भारत की इस ताकत का अहसास दुनिया कर सकेगी। सपा, बसपा, कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक वे लोग थे, जो दंगाइयों को गले लगाते थे। एक भाजपा सरकार है जो दंगाइयों से निपटने का उपचार जानती है। हम श्रद्धालुओं के लिए फूल बिछाते हैं, वे श्रद्धालुओं के लिए शूल डालते थे। बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा केवल भाजपा दे सकती है। युवाओं को आजीविका केवल भाजपा दे सकती है। किसानों को सम्मान भाजपा ही दे सकती है। चार करोड़ गरीबों को छत केवल मोदी दे सकते हैं। 12 करोड़ गरीब घरों में शौचालय, 60 करोड़ गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न, आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। मोदी यानी 10 करोड़ घरों को उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन। मोदी समाज को बदल रहे हैं, दूसरी ओर विपक्षी दल अपने परिवार तक ही सीमित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के साथ सेल्फी 26 अप्रैल के बाद खूब ले लेना। तब तक प्रत्येक प्रबुद्ध जन घर-घर जाकर कमल निशान का प्रचार करें। मोदी का प्रतिनिधि बनकर कार्य करें। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल, भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, दिनेश खटीक, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, सरोजिनी अग्रवाल, कमलदत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, शिवकुमार राणा आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने उतारे 40 स्टार प्रचारक



लखनऊ। लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को जारी की है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम हैं।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी चुनाव प्रचार करते हुए दिखेंगे। इनके नाम भी स्टार प्रचारक की सूची में शामिल किये गये हैं। स्टार प्रचारक सूची में भाजपा की ओर से उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी विजयंत पांडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल, केंद्रीय मंत्री व अमेठी सीट से उम्मीदवार स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के नाम भी शामिल किये गये हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन और प्रदेश सरकार में सक्रिय दिखने वाले एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, संजीव कुमार बालियान, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, धर्मपाल सिंह, जयवीर सिंह, नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, कपिलदेव अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नागर, चौधरी लक्ष्मी नारायण, सुनील शर्मा, बेबी रानी मौर्य, हेमा मालिनी, मुख्तार अब्बास नकवी, सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, दानिश आजाद, गीता शाक्य, अश्वनी त्यागी, सुभाष यदुवंश, सत्येंद्र सिसोदिया, संतोष सिंह, दुर्विजय सिंह शाक्य को भी सूची में शामिल किया गया है।

# सुभासपा कार्यकताओं ने किया राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली का जोरदार स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी का जनपद में आगमन पर नगर पंचायत जोया में हुआ। जिसमें बोलते हुए राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली चौधरी ने कहा कि आगे होने वाले लोकसभा चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का गठबंधन भारतीय जनता पार्टी के साथ है इसलिए सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए गांव गांव जाकर वोटो की अपील करनी है जिससे कि चौधरी कंवर सिंह तंवर बहुत ज्यादा वोटो से विजई हो केंद्र में तीसरी बार मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है एनडीए का नारा अबकी बार 400 सौ पार को साकार बनाना है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर जी गरीब कमजोर वंचित अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं आज सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ मुस्लिम समाज बहुत तेजी के साथ जुड़ रहा है जिसका असर लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के समस्त कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतपाल तोमर आदेश अमरोही कोषाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम विधानसभा अध्यक्ष अमरोहा रामगोपाल जाटव इस्लामुद्दीन इदरीसी जिला उपाध्यक्ष असलम हुसैन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अमरोहा आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ सपा नेता धीरज शर्मा सपा छोड़ भाजपा में हुए शामिल



प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

अमरोहा। जनपद में सपा को बड़ा झटका लगा है जहां सपा के वरिष्ठ नेता ने भाजपा ज्वाइन कर ली है, आज सपा नेता धीरज शर्मा को जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने सदस्यता ग्रहण दिलाई तथा फूलमाला पहनाकर कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के तमाम नेता मौजूद रहे। जनपद के रहरा निवासी धीरज शर्मा पिछले 40 वर्षों से समाजवादी पार्टी में कार्य कर रहे थे। धीरज शर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रभावित होकर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मैं आस्था जताते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के अथक प्रयासों के द्वारा समाजवादी पार्टी को छोड़कर और ब्लॉक प्रमुख अशोक नागर के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा।जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने भाजपा में शामिल हुए धीरज शर्मा को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी, पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा, पूर्व प्रधान लोकेश सिंह, पूर्व प्रधान दिमाग सिंह, प्रधान जितेंद्र, रामचंद्र गुर्जर, प्रधान अरुण कपासिया,मोहित शर्मा, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ से हवाई जहाज का तेल लेकर निकला टैंकर पलटा

लखनऊ। लखनऊ से वाराणसी के लिए हवाई जहाज का तेल लेकर निकला टैंकर सुलतानपुर जनपद के बधुआकलां के निकट हाइवे पर पलट गया। तेल से भरे टैंकर के पलटने पर पुलिस और फायर सर्विस के अधिकारी पहुंचे। बीती रात से बुधवार की सुबह चार बजे तक फायर सर्विस के अधिकारी मौके पर डटे रहे और हाइड्रा मशीन से टैंकर को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। अग्निशमन द्वितीय अधिकारी गिरीवर प्रसाद ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एचआर 55 एपी 7411 नम्बर का टैंकर के पलटने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचने पर टैंकर से तेल को बहता हुआ पाया गया। किसी प्रकार से आग न लग जाये, इसके लिए तत्काल कम्पाउंड लाकर तेल के ऊपर छिड़काव किया गया। उन्होंने बताया कि तेल को ऑक्सीजन न मिले, इस कारण कम्पाउंड से तेल को ढका गया। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा भी मौजूद रहे। उनके निर्देश पर मौके पर तीन फायर सर्विस वाहनों को बुलाया गया। आपात स्थिति से निपटा जा सके। टैंकर को उठाने के लिए भोर के वक्त हाइड्रा मशीन मौके पर आयी। जिसके बाद एक घंटे की मशक्कत के बाद टैंकर को सुरक्षित किया जा सका। उन्होंने बताया कि जिले के अलीगंज ग्रामीण क्षेत्र में हुए घटनाक्रम की जानकारी लखनऊ स्थित अग्निशमन मुख्यालय को दे दी गयी है। साथ ही टैंकर के चालक नीरज के पैर पर चोट आयी है, जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से अस्पताल भेजा गया है। सुबह के वक्त कागजी कार्यवाही पूरी की गयी है।

# गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में नमामि गंगे ने अस्सी घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में बुधवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर गंगा नदी को प्रदूषित कर रही अनेकों सामग्रियों को कूड़ेदान तक पहुंचाया। विदेशी पर्यटकों ने भी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नमामि गंगे के सदस्यों के साथ गंगा किनारे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी को जागरूक किया। इस दौरान अस्सी घाट पर उपस्थित नागरिकों सहित पूजन सामग्री , खानपान विक्रेता और घाट पुरोहितों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य है कि गंगा और इसके सहायक नदियों के संरक्षण के लिए व्यापक जन सहभागिता व जन जागरूकता लायी जा सके। साथ ही लोग जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर जागरूक हों इसका प्रयास करना है। लोगों को जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने के साथ उसमें कचरा, पॉलिथीन आदि न डालें, इसके लिए भी उन्हें जागरूक किया गया।

# फसल खराब होने से आहत किसान ने फांसी लगाकर दी जान

महोबा। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल खराब होने से आहत किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खरेला थाना क्षेत्र के गांव पहरेता निवासी किसान बृजराज सिंह (42) ने घर पर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी अर्चना का रो-रोकर हाल बेहाल है। किसान के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बृजराज सिंह खेती किसानी करके पत्नी और दो बच्चों का भरण पोषण करते थे। कुछ दिन पहले हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण उनकी सारी फसल बर्बाद हो गई थी। बैंक से भी कर्ज लिया था, जिसे चुकाना था। उसके पास किसान क्रेडिट कार्ड भी है। इन्हीं सब बातों से आहत बृजराज ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मोदी का मतलब चहुंओर विकास : योगी आदित्यनाथ

प्रात: किरण संवाददाता




श्रीकृष्ण की नगरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होने के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पहुंचे। उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज से पूर्व श्रीकृष्ण जन्मस्थान में ठाकुरजी की पूजा अर्चना कर युगल सरकार की आरती की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से हर काम संभव है। मोदी का मतलब चाहुंओर विकास।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलम ग्रीन रिजॉर्ट गोवर्धन चौराहे पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान यहां पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुग्गे एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने तीर्थनगरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए ब्रजवासियों को सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि कहा कि आज से पांच हजार वर्ष पहले इसी ब्रज में श्रीकृष्ण ने अपनी लीला रचाई। उस लीला की साक्षी बनीं थीं यमुना मैया। आज यमुना की गंदगी को देखकर दुख होता है, इसे दूर करेंगे।

आज ब्रज क्षेत्र में विकास हो रहा है। यह काम आपकी लोकप्रिय सांसद हेमा मालिनी के द्वारा संसद में जो आवाज गूंजी थी, उसके द्वारा ही संभव हो पाया है। उन्होंने वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में कॉरिडोर की भी चर्चा की। उन्होंने मोदी की गारंटी का भी जिक्र किया। कहा कि मोदी की गारंटी से हर काम संभव है। कहा कि मोदी का मतलब है लोगों के सिर पर छत, मोदी का मतलब है। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ, मोदी का मतलब है हर घर शौचालय, मोदी का मतलब है गरीब, शोषित, वंचित का विकास। इसके बाद उन्होंने लोगों से पूछा कि आप सभी लोग सहमत हैं न। लोगों ने कहा हां। इसके बाद उन्होंने बांकेबिहारी के जयकारे के साथ अपना संबोधन समाप्त किया। गौरतलब है कि भाजपा ने यहां से वर्तमान सांसद हेमा मालिनी को ही अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

# रामपुर और मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी की गुटबाजी आयी सामने

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम चरण के नामांकन के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के रामपुर और मुरादाबाद लोकसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) की गुटबाजी खुलकर सामने आयी। लखनऊ से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव निर्देश देते रहे, तो उधर लोकसभा क्षेत्र में कार्यकताओं ने उम्मीदवार बनने जा रहे चेहरों का पुतला फूंक दिया। रामपुर में लोकसभा सीट के लिए तमाम अटकलें लगती रहीं और समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आजम खान अपनी बात मनवाने पर अड़े रहें। आजम खान ने पहले से अखिलेश यादव को लोकसभा चुनाव में उतरने के लिए आग्रह किया। जब उनकी बात नहीं सुनी गयी तो आजम ने अपनी ओर से एक नाम आगे बढ़ा दिया। आजम खान के नाम को काटते हुए लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय से दूसरे नाम को आगे बढ़ाया गया। इसी दौरान रामपुर के कार्यकताओं ने बगावती सुर ले लिया। सपा कार्यकताओं के भड़कने से बिगड़े हालात को काबू करने पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव को सीतापुर जेल में आजम खान से वार्ता के लिए भेजा गया। वहीं अखिलेश यादव ने रामपुर लोकसभा सीट के लिए नई दिल्ली से आये मोहिबुल्लाह नदवी को नामांकन के लिए पार्टी सिम्बल दिया गया। मुरादाबाद में रुचि वीरा ने नामांकन दाखिल कर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं में मिठाईयां बंटवा दी। जिसके बाद उम्मीदवार रुचि वीरा के पीछे पार्टी के बड़े चेहरे वाले नेता के गुट वाले कार्यकताओं ने जमकर छींटाकशी की। साथ ही बाजार में दो जगहों पर पुतला फूंककर रुचि वीरा का विरोध किया। लोकसभा चुनाव में पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी में मची गुटबाजी के जनता के सामने आते ही शीर्ष नेताओं ने गुटों को समझाने का काम शुरू कर दिया है।

# किसी के लिए फैमिली फर्स्ट, मोदी के लिए नेशन: योगी

प्रात: किरण संवाददाता



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक पक्ष के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के नेतृत्व वाले पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो मोदी जी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो मोदी जी का पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है। एक पक्ष तुष्टीकरण, जाति-मत-मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, लेकिन दूसरे पक्ष में मोदी जी के नाम पर सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव जरूरतमंदों को देने का भाव दिखाई देता है। एक तरफ फैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ 140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले नरेंद्र मोदी हैं। हमें मोदी के परिवार का हिस्सा बनकर नए भारत का दर्शन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार से लोकसभा चुनाव प्रचार की कमान संभालने से पूर्व ठाकुरजी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मथुरा में पहली जनसभा कर प्रबुद्धजनों से संवाद बनाते हुए सांसद व भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। योगी ने विभिन्न विकास योजनाओं को गिनाकर मोदी का मतलब भी बताया।

500 वर्ष में पहली बार श्रीराम ने अपने धाम में कराए होली के दर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी ने होली खेले घुबीरा भजन सुना है, लेकिन 500 वर्ष में पहली बार अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने धाम में विराजमान होकर होली के साक्षात दर्शन भी कराए। मथुरा-वृंदावन की गलियां भी इंतजार कर रही थीं। दुनिया के अंदर मथुरा-वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव में खेली गई होली की चर्चा है। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है।

इसी धरती का जज्बा नई ताकत व नई ऊर्जा प्रदान करने वाला योगी ने कहा कि इस धरती का प्रताप व ताकत है कि 2021 में यमुना मैया के तट पर यहां वैष्णव महाकुंभ का आयोजन हुआ था। वृंदावन बिहारी लाल की असीम कृपा हम पर थी, वैष्णव कुंभ जब तक था तब तक कोरोना का पता नहीं, कुंभ के विसर्जन के उपरांत कोरोना आ गया। यहां का जज्बा नई ताकत व नई ऊर्जा प्रदान करने वाला था। उसी ताकत के बल पर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की आबादी को प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना से बचाव करने में हम सफलता प्राप्त कर सके।

हर नागरिक की संतुष्टि ही मोदी का आधार उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में आपने बदलते हुए नए भारत को देखा है। सीमा सुरक्षित हुई तो इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े कार्य भी हुए। हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, नए संस्थानों का निर्माण व बिना भेदभाव जरूरतमंदों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वर्ष 2014 के पहले जाति, मत, मजहब को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती थीं। 2014 के बाद सिर्फ सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हर गरीब, व्यापारी, महिला, नौजवान, किसान को लाभ मिल रहा है। सुरक्षा-सब्सिडी सबको दे रहे हैं। तुष्टीकरण नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी ने हर नागरिक की संतुष्टि को आधार बनाया है। नए भारत में युवा की आजीविका की व्यवस्था, आस्था का सम्मान, पौराणिक विरासत के संरक्षण का कार्य भी हो रहा है। विकास के साथ आम नागरिकों को जोड़ने का कार्य हो रहा है। बेटी-बहन और व्यापारी को सुरक्षा की गारंटी दी है। किसान को विकास के अभियान के साथ जोड़ने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है।

अब पीठ पर सामान बांधकर कई किमी. नहीं जाते सैनिक आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बिना भेदभाव 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। 2014 के पहले पूर्वोत्तर के राज्यों में उग्रवाद, अलगावाद चरम पर था। जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाज हावी थे। सुरक्षा के जवान चोटिल होते थे। आज जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजी समाप्त, धारा-370 समाप्त हो गया। 1952 में कांग्रेस ने यह दंश दिया था, जो देश में उग्रवाद का कारण बना था, लेकिन उसका निदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिया। आज कोई भारत की सीमा में घुसपैठ या आतंकी घटना का साहस नहीं कर सकता। यशस्वी नेतृत्व होने से सर्वांगीण विकास होता है। आज सीमावर्ती क्षेत्रों तक भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर पहुंचा है। पहले सैनिकों को कई किमी. दूर तक पीठ पर सामान बांधकर जाना पड़ता था, लेकिन अब सीमा क्षेत्र तक भारत की कनेक्टिविटी बेहतर हो गई है। गंगा मैया के बाद अब यमुना की बारी है...

योगी ने कहा कि जब पहली बार सांसद के रूप में हेमामालिनी सदन में पहुंचीं तो कहा कि मैं ब्रज क्षेत्र की प्रतिनिधि बनकर आई हूं। उन्होंने यहां की पीड़ा बताई। आपके सांसद के मुंह से जो आवाज संसद में उठी थी, वह वैसे ही साकार होगी, जैसे एक-एक सपने साकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच हजार वर्ष पहले श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में पूरी लीलाएं रचीं। उसकी साक्षी बनीं थीं यमुना मैया। यमुना मैया की आवाज संसद में उठी थी, तब उसी समय नमामि गंगे योजना बनाई गई। भारत सरकार ने कार्यक्रम भी प्रारंभ कर दिए। नमामि गंगे के माध्यम से प्रयागराज कुंभ या माघ मेले में संगम में शुद्ध पेयजल भी मिलता है। गंगा मैया के बाद अब यमुना मैया की बारी है। समस्या नहीं, समाधान का क्षेत्र है ब्रज मुख्यमंत्री ने कहा कि कला का प्रतिनिधि आपका प्रतिनिधित्व कर संसद में आवाज बुलंद कर रही हैं। फिल्म जगत की नामचीन कलाकार होने के बाद भी हेमामालिनी ने संसदीय क्षेत्रों के मुद्दों को संसद, मंत्रालयों व मुख्यमंत्री के समक्ष बातों को रखकर समस्या के समाधान पर चर्चा करती हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों की बदौलत ही समस्याओं से समाधान का रास्ता निकलता है। ब्रज क्षेत्र समस्या नहीं, समाधान देता है।

# इंडी गठबंधन एक-दूसरे को ही ठगने में लगा है: मुकेश राजपूत

प्रात: किरण संवाददाता

फरुर्खाबाद। लोकसभा चुनाव में विपक्ष का गठबंधन एक दूसरे को ही ठगने में लगा है। देश की भी जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ है। मेरा अनुमान है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा कम से कम साढ़े चार सौ सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

उक्त विचार सांसद और फरुर्खाबाद संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ विशेष वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि फरुर्खाबाद विकास के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें जिले में विकास प्राधिकरण व नगर महापालिका का गठन कराने और जिले का नाम बदलकर पांचाल नगर कराना शामिल है। इन कार्यों को जल्द मूर्तरूप दिलाने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि फरुर्खाबाद का नाम एक दिल्ली के नवाब फरुखशियर के नाम पर रखा गया था, जिनका फरुर्खाबाद से दूर तक कोई नाता नही है। फरुर्खाबाद का महाभारतकालीन समृद्ध इतिहास है। यहां कंपिल में राजा द्रुपद की राजधानी रही है। यहीं पांचाली का स्वयंवर हुआ था। हमें अपनी विरासत पर गर्व करना चाहिए। नगर की इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए फरुर्खाबाद नगर का नाम पर पांचाल नगर कराने का प्रयास चल रहा है।

इस बार लोकसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दों और प्राथमिकता संबंधी एक सवाल के जवाब में सांसद राजपूत ने कहा कि मेरा प्रयास है कि यहां फरुर्खाबाद विकास प्राधिकरण का गठन करवाना, नगरपालिका को नगरमहापालिका बनवाना, जिले को नई ट्रेनें दिलवाना, रेल कनेक्टिविटी को सुधारने के लिए कासगंज से अलीगढ़ के बीच मात्र 52 किमी की नई रेलवे लाइन बनवाना और सड़क कनेक्टिविटी को सुधारने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे 135 किमी आगे बढ़ा कर गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ दिया जाए। इससे श्रद्धालुओं का हरिद्वार से लेकर चित्रकूट तक का सफर आसान होगा। श्रद्धालु हरिद्वार में गंगा स्नान कर फरुर्खाबाद होते हुए चित्रकूट में गुप्त गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि जिले में बाबा लक्ष्मनदास की तपोभूमि नींवकरोरी, भगवान बुद्ध का स्वर्गावतरण स्थली संकिसा और जैन धर्म अनुयायिओं का सबसे बड़े धर्मस्थलों में एक कंपिल भी है। कंपिल ही महाभारत काल में पांचाल की राजधानी भी रही है। मान्यता है कि यहीं द्रौपदी का जन्म और स्वयंवर भी हुआ था। द्रौपदी कुंड आज भी यहां विद्यमान है। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसके लिए सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने के काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने विकास कार्यों और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा हूं। जिले के मतदाताओं पर मुझे पूरा भरोसा है।

उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए कई काम किए हैं। कई योजनाओं पर काम चल रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कथन, न खाउंगा और न खाने दूंगा, न सोउंगा और न सोने नहीं दूंगा। इस पर सरकार पूरी तरह से काम कर रही है। जो भी भ्रष्टाचार मामलों की जद में आएगा उसे जेल जाना ही होगा। अगर देश को विकसित देश बनाना है तो भ्रष्टाचार से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ है। लोकसभा चुनाव से पहले से कांग्रेस के साथ वाला विपक्ष का गठबंधन अपने अपने स्वार्थे के कारणों से लगभग बिखर गया है। इंडी गठबंधन के दल एक दूसरे को ही ठगने में लगे है। सांसद राजपूत ने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा साढ़े चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

# लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन की एसी बोगी में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के कारीसाथ स्टेशन के पास होली स्पेशल ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन की एसी बोगी में लगी। ट्रेन 01410 होली स्पेशल दानापुर से लोकमान्य तिलक जा रही थी।

बताया जा रहा है कि दानापुर से मुंबई जा रही होली स्पेशल में रात लगभग 2: 00 बजे अचानक शार्ट सर्किट हुआ और कुछ ही देर में ट्रेन के अउ बोगी में आग लग गई। होली की वजह से ट्रेन में यात्रियों की संख्या बेहद कम थी इस कारण अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस बीच रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है जिसपर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। दानापुर हेल्पलाइन नंबर -06115232401, आरा हेल्पपाइन नंबर-9341505981 और बक्सर हेल्पलाइन नंबर-9341505972 है। वहीं इस घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। मेन लाइन पर आग लगने से एक दर्जन ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है।

हालांकि बोगी को ट्रेन से अलग कर होली स्पेशल ट्रेन को रवाना कर दिया गया है। वही उसके बाद आरा जंक्शन पर सुबह 7:00 रेलवे विभाग के द्वारा यात्रियों को बिस्किट पानी दी गई आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी एवं आरपीएफ सब इंस्पेक्टर चेतराम मीणा घटना की जानकारी मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर रवाना हुई डीआरएम जयंत कुमार, पीएससीओ प्रभात कुमार, आरपीएफ के आईजी अमरेश कुमार, सीनियर डीसीएम सरस्वती चंद्र, आरपीएफ कमांडेंट पीके पांडा, सीनियर डीएम-3 संतोष कुमार समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# कोइलवर पुलिस अनुमंडल के नौ पीटीसी एएसआई बने



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र में बने नए पुलिस अनुमंडल कोईलवर के नौ पीटीसी एएसआई बने। जिनमें कोईलवर थाना से वरुण कुमार, बिटुका सोरेन, फिरोज आलम और नीरज कुमार रंजन, चांदी थाना से तीन और गीधा थाना से दो पीटीसी को एएसआई में प्रमोशन मिला। पीटीसी से एएसआई पद पर पदोन्नति पर कोईलवर थाना में पिपिंग सिरोमनि का आयोजन किया गया। कोईलवर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजीत कुमार ने सभी नये पुलिस पदाधिकारियो को बेहतर और पारदर्शी पुलिसिंग का पाठ पढ़ाया। आगे कहा कि प्रमोशन मिलने के बाद आप पुलिस पदाधिकारियो की जिम्मेवारी बढ़ गयी है और सभी नये पुलिस पदाधिकारियो को बधाई दी। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर संजीव कुमार, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र, चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, गीधा थानाध्यक्ष प्रियाशीला ने सभी पुलिस पदाधिकारियो को बधाई दी।

# उपलब्धि : रोहतास टॉपर इंटर साइंस की छात्रा को एसडीएम ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार इंटरमीडिएट द्वारा जारी रिजल्ट में साइंस परीक्षा में रोहतास टॉपर सुदीक्षा मिश्रा को बधाई देते हुए एसडीएम अनिल बसाक ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घोसिया खुर्द की रहने वाली सुदीक्षा ने इंटर साइंस परीक्षा में 471अंक प्राप्त कर 94.2 प्रतिशत के साथ पूरे रोहतास जिला में प्रथम स्थान और बिहार में 6वां स्थान लाकर परचम लहराया।

जिसके कामयाबी पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में भारतीय प्रशासनिक सेवा अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने टॉपर सुदीक्षा को कलम,किताब,कॉपी, डिक्शनरी बुक सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए बताया कि वह अपने कैरियर में सफलता के लिए मुख्य लक्ष्य का चयन अवश्य करें। ताकि वह अपने लक्ष्य के अनुसार किसी भी परीक्षा की तैयारी सरलता पूर्वक कर सकें। वही परीक्षा तैयारी में कड़ी मेहनत करने से छात्र को कभी नहीं घबराना चाहिए। साथ ही ध्यान रखें मेहनत के अतिरिक्त परीक्षा में सफल होने का को कोई दूसरा मंत्र नहीं होता है। वही मौके पर उपस्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, जमोढी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह ने एसडीएम को स्थापना विद्यालय पुस्तिका से सम्मानित किया। जबकि छात्रा सुदीक्षा ने अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने माता-पिता सहित मुख्य रूप से वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों को दी। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कांत शर्मा, शिक्षक संग्राम सिंह, प्रधानाध्यापक रविन्द्र प्रसाद सिंह, वरीय शिक्षक मो.शमशाद अली सहित अन्य लोगों ने रोहतास टॉपर छात्रा को मिठाई खिला सम्मानित किया।

# विभिन्न कांडों में आठ आरोपी को जेल

कारकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के बेलवाई गांव में पूर्व के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुआ जिसमें दोनों पक्षों से दो - दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार एक पक्ष के मो.अब्बास अंसारी व मो. रिंकू उर्फ शाहिद रजा दूसरे पक्ष से मो. मकसूद व मो. हरुल रसीद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच तीसरी बार विवाद हुआ । पहला विवाद हरे पेड़ काटने पर, दूसरा विवाद बकरी को मारने को लेकर हुआ था तीसरा विवाद दोनों पक्षों के बीच होली के दिन हुआ । दोनों पक्षों ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराया । सुग्गीबाल गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुआ जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तेगा सिंह, रामाकांत कुमार व प्रदीप कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सोनवर्षा गांव में नाबालिग के साथ छेड़खानी के मामले में पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज मामले में सोनवर्षा गांव के गुड्डू कुमार पिता लक्ष्मण सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में उच्च विद्यालय कुरुर के छात्रों का रहा दबदबा

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में विगत वर्षो की भांति इस साल भी प्लस टू उच्च विद्यालय कुरुर,काराकाट का इंटर परीक्षा का परिणाम संतोषजनक रहा। विज्ञान संकाय में राहुल कुमार यादव विद्यालय स्तर पर 451अंक लाकर अव्वल रहे। वही विज्ञान संकाय में सोहराब आलम 417 अंक प्राप्त कर दूसरे तथा प्रिया कुमारी 392 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। कला संकाय में 383 अंक प्राप्त कर सनोज कुमार प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर 375 अंक के साथ शुभ्रा कुमारी एवं 367 अंक प्राप्त कर विकास कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. कृष्णा कुमार ने उत्तीर्ण सभी छात्र- छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वही विद्यालय के शिक्षक प्रमोद पाण्डेय ने बताया प्रत्येक संकाय में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं वही है जो नियमित रूप से विद्यालय आते रहे है। जो विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के योगदान से हर साल बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्र-छात्रा बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहें है।

# अबीर-गुलाल लगा आपसी भाईचारे के साथ लोगों ने मनाई होली

प्रात: किरण संवाददाता



रोहतास जिले में होली का पर्व लोगों ने मंगलवार को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सुबह से ही युवाओं की टोलियां अबीर-गुलाल उड़ाते हुए विभिन्न सड़कों व गली मुहल्ले में निकलीं। लोकसभा चुनाव अचार संहिता के कारण बिना डीजे धुन के ही जगह-जगह होली के उमंग में लोग जमकर नाचे। बच्चों में इस होली पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। जो दोपहर तक अबीर-गुलाल पिचकारी में रंग भरकर जमकर होली का आनंद लिया। इस पर्व पर घरों में भी लोग अपने अपने छतों पर होली खेल जमकर आनंद लिया। दूसरी तरफ लोगों ने गुझिया आदि पकवानों व व्यंजन का भी लुत्फ उठाया। इस पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रोहतास एसपी विनीत कुमार और डीएम नवीन कुमार के नेतृत्व में जिला के सभी अनुमंडल पुलिस लगातार सक्रिय रही। जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। विभिन्न जगहों पर होली फाग और ढोलक की धुन के साथ बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाओं की रंग टोली गुलाल उड़ाने के साथ व एक-दूसरे को उत्साह से रंग लगाते दिखे। साथ ही घरों में परिवार को पकवान खिलाने के बाद बाहर निकली महिलाओं ने भी खूब गुलाल उड़ाया। जबकि रंगों से सरोबार युवतियों ने सेल्फी का भी लुप्त उठाया। इस पर्व पर खुशी व्यक्त करते हुए बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कृष्णा प्रसाद, मुरली प्रसाद, बंशीधर सिंह, रागनी देवी, विजय सिंह, नंदनी देवी, देव प्रसाद, सारिका देवी, रितिका देवी, अखलेश कुमार, रोहित कुमार, निखिल सिंह, सिंपल देवी, पवन कुमार, राहुल कुमार, निधि कुमारी, डिंपल कुमारी, निक्की कुमारी, सोनी कुमारी, अनन्या कुमारी, दीबू कुमार, नित्या प्रकाश, शिवानी कुमारी सहित अन्य ने होली पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि यह महान पर्व आपसी बुराई को भूलकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा प्यार के बंधन में जोड़ने का संदेश देता है। जिस पर्व को हर साल आपसी दुश्मनी को भूल खुशियों से भरी उमंग के साथ लोगों से यह पर्व मानने उन्होंने अपील भी की। इस बीच सोशल मीडिया पर भी पूरे दिन लोगों में होली का रंग छाया रहा।

# विधान पार्षद निवेदिता सिंह बनी लोकसभा चुनाव की स्टार प्रचारक

प्रात: किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 में बिहार भाजपा की "स्टार कैम्पेनर" की सूची में विधान पार्षद निवेदिता सिंह शामिल किये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने शुभकामनाएं दिया है। विधान पार्षद निवेदिता सिंह ने कहा कि ये समस्त शाहाबाद का सम्मान है कि मैं बिहार के 40 सीट जीतकर एनडीए की झोली में डालने का काम करूंगी।

साथ ही देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत बनाने के सपना को साकार करने में पूरा प्रयास करूंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, बिहार प्रभारी बिनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व को स्टार प्रचारक बनने पर पार्टी के प्रति आभार व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष सुशिल चंद्रवंशी, प्यारेलाल ओझा, विजय सिंह, अशोक साह, रामकुमारी देवी, विवेक सिंह, प्रमोद कुशवाहा, पंकज सिंह, सतेंद्र सिंह, मंगलानंद पाठक, ई. पुलकित सिंह, सत्यनारायण पासवान, रामायण पासवान, संजय कश्यप सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

# सुप्रीम कोर्ट के जज ने प्रसिद्ध शिल्हौरी व गढ़देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा की प्रसिद्ध गढ़देवी मंदिर और शिल्हौरी के शिलानाथ मंदिर में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज संजय करोल ने पूजा अर्चना की। इस दौरान माननीय न्यायाधीश ने मा गढ़देवी और शिलानाथ मंदिर के गर्भगृह में स्थानीय पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया। पूजा के बाद न्यायाधीश ने इस मंदिर परिसर में स्थापित राधा कृष्ण, सीता राम, भैरवनाथ, गायत्री माता, हनुमान जी के साथ-साथ भोले शंकर का भी दर्शन किया। इस मौके पर गढदेवी मंदिर के प्रमुख पुजारी टूकाई बाबा, मनोज बाबा ने गढदेवी मंदिर में जबकि धर्मेंद्र उपाध्याय ने शिल्हौरी मंदिर मे विधिवत पूजा कराया और न्यायाधीश महोदय को प्रसाद स्वरूप मंदिर के पुजारी द्वारा माता की चुंदरी प्रदान की गई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल द्वारा ब्रह्लीन हो चुके प्रसिद्ध नागा बाबा की तश्वीर पर फूल माला भी चढ़ाया गया। इस मौके पर छपरा के सीजेएम संजय त्रिपाठी, मढौरा एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह और डीएसपी नरेश पासवान के साथ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर कुमार सहित मंदिर समिति के दीपनारायण सिंह, हरेंद्र सिंह , नंदू यादव, बिट्टू कुमार व अन्य पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी मौजूद थे। जज साहब के आने की सूचना पाकर सुबह से ही मंदिर परिसर और शहर में पुलिस बल की काफी तैनाती की गई थी।

## आदेशपाल के निधन पर महाविद्यालय कर्मियों ने शोक जताया

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबीत सिंह महाविद्यालय के नौजवान कर्मी सुनील कुमार आदेश पाल का निधन मंगलवार की रात्रि में हो गया। जो 2009 में कॉलेज में योगदान किया था। परिजनों ने बताया कि वह कई महीनों से काफी बीमार थे। इस स्थिति में भी कभी-कभी अवकाश लेकर बाकी समय में अपनी ड्यूटी करते रहते थे। आदेशपाल के असामयिक निधन होली पर्व के अगले दिन बुधवार को होने से समस्त महाविद्यालय कर्मी काफी मर्माहत हैं। बताया जाता है कि अपने पीछे पांच पुत्र और एक बेटी छोड़ गए हैं। महाविद्यालय कर्मचारी संघ सचिव अक्षय कुमार प्यारे ने दुःख व्यक्त करते हुए उनके निधन से महाविद्यालय सहित आदेशपाल के परिवार को एक अपूरणीय क्षति हुई है।

# वैदिक मंत्रोचारण से गुलजार हुआ भारत प्लस एनथॉल कंपनी

प्रात: किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) स्थानीय प्रंखड क्षेत्र स्थित भारत पल्स एनथॉल कंपनी परिसर सोमवार को वैदिक मंत्रोचारण से गुलजार रहा। जहां कंपनी के उद्योगपति सह सीएमडी अजय कुमार सिंह ने अपनी धर्म पत्नी सह कंपनी निदेशक रेखा सिंह के साथ मिलकर कंपनी में वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजा अर्चना किया। दूसरी तरफ पूजा अर्चना के बाद भगवान सत्यनारायण स्वामी के कथा का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने पूजन कथा में भाग लेते हुए भगवान सत्यनारायण स्वामी की महिमा का बखान को कथावाचक के मुखवाणी से कथा को सुना। पूजा अवसर पर ढोल, झाल, नगाड़ा के मधुर धुन पर भगवान श्री राम,विष्णु,हनुमान जी महाराज की आरती की गई। मौके पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान के समक्ष मनोकामना मांगी। अवसर पर सीएमडी अजय सिंह ने कंपनी के उत्थान व समाज के लोगों की विकास के साथ उनके हर्षित जीवन की कामना किया। सीएमडी अजय कुमार सिंह ने बताया की कंपनी के उत्थान व समाज को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए आचार्य बाबू पंडित के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचारण के बीच पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में उपस्थित सैकड़ो लोगो के बीच भंडारा कर प्रसाद वितरण किया गया। वही कंपनी के सभी चारो शीर्ष कोने पर हनुमान जी के ध्वज फहराते हुए ध्वज को स्थापित किया गया। जबकि कंपनी की जनक स्वरूप देवकुमारी सिंह ने बटन दबा कर एनथॉल बनाने की प्रक्रिया की शुरूआत की। मौके पर कंपनी जीएम अजीत शाही, पूर्व डीप्टी मेयर,आरा मालती देवी, विरनाथ सिंह, राम अयोध्या शुकला,रवि सलूजा,विधा भूषण सिंह,समाज सेवी मीनू सिंह, भोजपूर हिंदू जागरण मंच के विशाल सिंह,सत्येंद्र सिंह, शैलेश सिंह,जितेंद्र सिंह,संजीत सिंह,बीडीओ मनोज कुमार, संघ के राणा सिंह, मृत्युंजय सिंह, राजीव सिंह सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थें।

# दिघवारा में पंद्रह वर्षीय किशोर की गला रेत हत्या,तीन हिरासत में

प्रात: किरण संवाददाता



दिघवारा नगर ।थाना क्षेत्र के बसतपुर बालू घाट के समीप होली के दिन एक किशोर की नृशंस हत्या के मामले का दिघवारा पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है ।थाना क्षेत्र के बसतपुर निवासी जयप्रकाश मांझी के 15 वर्षीय पुत्र सन्नी देओल उर्फ सन्नी कुमार की हत्या में प्रयुक्त चाकू,हत्यारों के खून से सने कपड़े आदि को पुलिस ने बरामद कर लिया है ।पुलिस ने जिन किशोरों को हिरासत में लिया है उसकी पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव निवासी स्व.सुनील मांझी के पुत्र रोहित कुमार,राजू राय का पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ गोलू व बैजू राय के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है ।पुलिस के अनुसार बहन की मौत के पुराने प्रतिशोध को लेकर किशोर की उसी के चचेरे भाई व अन्य किशोरों द्वारा मिलकर हत्या की गई है ।बस्ती से दूर गंगा किनारे बालू घाट की तरफ अभियुक्तों ने घटना को अंजाम दिया था ।इसके बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस ने मामले का उद्भेदन कर तीन अभियुक्तों को हिरासत में लिया है,वहीं मुख्य अभियुक्त रोहित के घर के पास पुलिस कैंप भी कर रही है ।मृतक के पिता जयप्रकाश मांझी के बयान पर थाने में दो किशोरों को नामजद किया गया है।

पुलिस का कहना था कि अनुसंधान जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दो नामजद अभियुक्तों ने हत्या की नियत से किसी बात को लेकर पहले सन्नी को बुलाकर गंगा किनारे ले गया जहां योजनाबद्ध तरीके से चाकू से उसकी निर्मम हत्या कर शव को खेत में फेंक भाग खड़े हुए ।बाद में शव के खेत में पड़े मिलने के बाद गांव में इसकी सूचना पहुंची और किशोर की नृशंस हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।इसके साथ ही क्षेत्र में अफवाहों का दौर शुरू हो गया था ।देखते ही देखते होली का उत्साह मातम में बदल गया वहीं सुरक्षा को लेकर बसतपुर गांव को पुलिस छावनी में बदल दिया गया था हालांकि आरोप प्रत्यारोप के बीच दो पक्षों द्वारा एक दूसरे पर पथराव भी किया गया मगर पुलिस के कैंप करते ही स्थिति नियंत्रण में आ गया ।घटना को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था जिससे पूछताछ के बाद धीरे-धीरे मामले का उद्भेदन होता चला गया।

मुजफ्फरपुर से पहुंची एफएसएल की टीम सैंपल लेने दिघवारा पहुंची इसके बाद अनुसंधान के क्रम में खून व कई चीजों के सैंपल लिए गए ।इसी दौरान बरामद सामग्रियों से भी एफएसएल की टीम ने कई महत्वपूर्ण सुराग हासिल किया। एसडीपीओ नवल किशोर, थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार व अपर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार सरीखे पदाधिकारियों द्वारा घटना में संलिप्त अपराधियों को छपरा व अन्य जगहों से हिरासत में लिया गया ।हत्या के सभी आरोपित अपराधी नाबालिग हैं ।मृतक व हत्या के मुख्य अभियुक्त चचेरे भाई हैं और दोनों के घरों का एक ही दीवाल है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लगभग तीन साल पहले रोहित की बहन की सांप काटने से मौत हो गई थी मगर परिजन सन्नी को ही मौत का जिम्मेवार मान रहे थे ।रोहित का कहना था कि सन्नी ने भी उसकी बहन को जहरयुक्त मिठाई खिलाकर उसे जान से मार दिया था ।तभी से रोहित सन्नी की जान का दुश्मन बन बैठा था ।उसने पहले योजना बनाई और फिर होली के दिन उसकी हत्या कर दी ।इस हत्या में उसका सहयोग देने वाले दो अन्य किशोरों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जिस सन्नी की नृशंस हत्या हुई,वह चार बहनों का इकलौता भाई था और उसकी हत्या ने परिजनों को हिला कर रख दिया है ।हर किसी का रोते-रोते बुरा हाल था ।मां सुनीता देवी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था तो घर के पास रो रहे पिता जयप्रकाश मांझी इकलौते बेटे के खोने से गमजदा दिखे ।बहन मुस्कान, तनु अंशु व अन्नू बार-बार अपने भाई को याद करके बेहोश हो जा रही थी ।चाचा जयकुमार मांझी व दादी कमल कुंवर सभी पोतियों को संभाल रही थी मगर परिजनों के क्रंदन से उनकी भी आंखें नम थी. देर शाम गंगा घाट पर सन्नी का अंतिम संस्कार कर दिया गया जहां मुखाग्नि उसके चाचा आनंद कुमार ने दिया।

# डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। चुनावी गतिविधियां तेज होने का समय आ गया है। ऐसे में एमसीसी का अनुपालन, अवैध कैश ट्रांजैक्शन या नशीली और कीमती पदार्थो के परिचालन पर रोक लगाना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी हो जाती है। इस लिए फ्लाइंग स्क्वॉड टीम सक्रिय रूप से कार्य करें। कार्य के प्रति निष्क्रियता या उदासीनता पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित एफएसटी और एसएसटी की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। सी-विजिल पर प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत को बहुत ही गम्भीरता से लें। चुनाव आयोग के निदेशानुसार उसे 100 मिनट के अंदर निष्पादित करना है। जिसमें टीम के पास उक्त स्थल पर पहुंचने और कार्रवाई के लिए केवल 45 मिनट का समय दिया गया है। जबकि एआरओ स्तर पर 50 मिनट में मामले का निपटारा कर देना है। शिकायत रेज होने के साथ ही चौबीस घंटे कार्य करने वाली डीसीसी टीम पांच मिनट में निकटतम एफएसटी को उसे एसाइन करती है। बिना समय गंवाए टीम के सदस्य को स्वयं स्थल पर पहुंच निराकरण या कार्रवाई करते हुए ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। उन्होंने कहा कि शिकायत रेज होते ही वह ऑन बोर्ड हो जाता है। जिसे राज्य से लेकर भारत निर्वाचन आयोग तक मोनिटर करता है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को सिस्टम को स्मूथ बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने केवल शिकायत दर्ज होने पर कार्रवाई करने की बजाय स्वयं भी घूम कर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुपालन को सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। सभी थाना स्तर पर बनाए गए एसएसटी से समन्वय बनाने और उसका दौरा करने का निदेश दिया। मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी तारणी कुमार ने सी-विजिल और ईएसएमएस ऐप के संचालन का विस्तार से पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने जांच अभियान तेज करने, सभी चेकिंग बैरियर को ऐक्टिव करने, मजिस्ट्रेट और एसएचओ को समन्वय बना कर कार्य करने का निदेश दिया। मौके पर उपस्थित नोडल पदाधिकारी -सह- संयुक्त आयुक्त राज्यकर सिरिल बेक ने कैश ट्रांजैक्शन की शर्तो की जानकारी देते हुए बताया कि पचास हजार से ऊपर की रकम की पुख्ता जानकारी होनी चाहिए। बैंक कर्मियों और एटीएम वैन को भी उचित सर्टिफि केट साथ रखना होगा। उन्होंने सीजर की प्रक्रिया और उसके बाद की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में डीडीसी प्रियंका रानी, एडीएम पीजीआरओ संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल, सभी एसडीएम, एफएसटी के सदस्य के साथ ही सभी बीडीओ, सीओ, एसएचओ सापेक्ष तथा वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से जुड़े हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे आरा

आरा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड के नानसागर गाँव में एक निजी समारोह में शामिल होने जाने के क्रम में सक्कड्डी-नासरीगंज हाइवे पर सकड्डी मोड़ के पास भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूल- माला एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया गया ।जिसमें जिला उपाध्यक्ष इंजिनियर धीरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह,श्री राम दिनेश यादव, संतोष चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर, कोईलवर नगर अध्यक्ष श्री राकेश शर्मा, श्याम प्रकाश बिंद सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### शराब के साथ मोटरसाइकिल सवार धंधेबाज को किया गिरफ्तार

कैमूर। रामगढ़ पुलिस के नेतृत्व में शराब तस्करों और कारोबारियों के खिलाब लगातार करवाई की जा रही है इसी क्रम में रामगढ़ पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के गोडसरा नदी पुल के समीप 42 पीस ब्लू लाइम देशी शराब के साथ मोटरसाकिल सवार धंधेबाज धंधेबाज को गिरफ्तार किया इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर गोडसरा पुल के समीप से 42 पीस ब्लू लाइन देसी शराब के साथ मोटरसाइकिल सवार धधेबाज को गिरफ्तार किया गया ।वही गिरफ्तार धंधेबाज रामगढ़ निवासी रवि कुमार वर्मा है जिनका मेडिकल जांच करते हुए भभुआ न्यायालय में भेजा जाएगा।

### शराब के साथ कारोबारी को जेल

नसरीगंज (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को भेजा जेल। इस संदर्भ में कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कैथी निवासी मनु चौधरी को 35 लीटर देसी शराब के साथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

### शराब धंधेबाजों को पुलिस ने भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने पूर्व के शराब मामले में गुप्त सूचना के आधार पर काराकाट थाना क्षेत्र के इटढ़ियां निवासी अजय कुमार और भोजपुर जिला के कोईलवर थाना क्षेत्र के शिवपालपुर निवासी हिमांशु कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया है।

### अंग्रेजी शराब के साथ पांच धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी शराब के साथ पांच कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चितांव गांव के यात्री शेड के समीप से चितांव निवासी रामजी पाठक , जयराम साह , गुड्डू कुमार , राहुल कुमार एवं बक्सर जिला अंतर्गत इटाढ़ी निवासी गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया है ।उन्होंने कहा कि सभी कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 180 एमएल का एक पीस एटपीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया ।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के ऊपर जेल भेज दिया ।

### पुलिस ने 42 लीटर शराब किया जब्त, धंधेबाज फरार

नसरीगंज (रोहतास) पुलिस ने देसी शराब को किया बरामद , कारोबारी फरार। नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मौना गांव के जोगिया बाबा मंदिर के समीप से 42 लीटर देसी शराब बरामद किया गया ।उन्होंने कहा कि उक्त मामले में गिरफ्तारी नही हो पाई है । श्री कुमार ने कहा कि बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### होली के दिन पोखर में नहाने गए एक युवक की डूबने से मौत

आरा। जिले के गीधा थाना क्षेत्र के खेसरहिया गांव के पोखर में नहाने गए एक युवक के डूबने से मौत हो गयी। मृतक 34 वर्षीय बिरन पासवान खेसरहिया गांव निवासी रामचन्द्र पासवान का पुत्र था। जो खेसरहिया पंचायत के वार्ड संख्या नौ के वार्ड सदस्य मनोज पासवान का चचेरा भाई था। घटना होली के दिन मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को रंग गुलाल खेलने के बाद बच्चों के साथ गांव स्थित पोखरा में नहाने गया था। इस दौरान डूबने लगे। जिसे लेकर किनारे नहा रहे बच्चों ने हो हल्ला मचाया। जिसके बाद ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली। जो दौड़े भागे पोखरा पर पंहुचे। ग्रामीणों के सहयोग से लगभग आधे घण्टे बाद शव को पखरा से निकाला गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल आरा पंहुचे। जहां चिकित्सको ने बिरन को मृत घोषित कर दिया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद पत्नी उर्मिला देवी, मां गिरिजा देवी पुत्र भोला और करीमन, पुत्री मुलर का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक पांच भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था।

राष्ट्रीय दैनिक **प्रातःकिरण**

नई दिल्ली, गुरुवार, 28 मार्च, 2024



### रैपरों के बीच वाकयुद्ध गंदे स्तर पर पहुंचा !

# बढ़ती जा रही है हनी -बादशाह के बीच नफरत की खाई





बादशाह कुछ दिनों पहले हनी सिंह पर अपनी टिप्पणी को लेकर चर्चा में थे, जिसमें उन्होंने हनी सिंह की वापसी पर कटाक्ष किया था। अब सिंगर और रैपर हनी सिंह ने एक कमेंट के जरिए बादशाह को करारा जवाब दिया है। दर्शक काफी समय से रैपर बादशाह और हनी सिंह के बीच जुबानी जंग देख रहे हैं। दोनों का रिश्ता सालों से विवादों से भरा रहा है। हालांकि करियर के शुरुआती दिनों में बादशाह और हनी सिंह के बीच अच्छी दोस्ती हुआ करती थी।

हालाँकि, ऐसा लगता है कि सफलता और पैसे ने धीरे-धीरे इस दोस्ती को पूरी तरह से खत्म कर दिया। अब दोनों अक्सर एक दूसरे पर तंज कसते नजर आते हैं। हाल ही में हनी सिंह एक होली पार्टी में शामिल हुए, जहां उन्होंने बादशाह के पापा कमबैक वाले कमेंट का करारा जवाब दिया। रैपर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# रामायण के लिए तीरंदाजी सीख रहे हैं रणबीर कपूर



अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल की सफलता के बाद एक्टर रणबीर कपूर फिलहाल तीरंदाजी सीख रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो में एक्टर को उनके तीरंदाजी के कोच के साथ देखा जा सकता है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह उनकी फिल्म रामायण का हिस्सा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म लंबे समय से प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और इसके प्रोडक्शन और कास्टिंग के पैमाने को देखते हुए इसमें देरी हो रही है।फिल्म में रणबीर जहां भगवान राम की भूमिका निभाएंगे, वहीं एक्ट्रेस साई पल्लवी सीता की भूमिका में नजर आएंगी। इस फोटो को एक्स पर एक फैन ने शेयर किया, जिसमें दावा किया गया कि ये तस्वीरें रणबीर की रामायण की तैयारी की हैं। अपने किरदार में जान डालने के लिए मशहूर एक्टर रणबीर भगवान राम के किरदार में ढल रहे हैं।




### सारा अली खान ने कहा

# एक कलाकार होने के लिए मोटी चमड़ी होनी जरूरी

अपनी बेबाक बातों के लिए मशहूर एक्ट्रेस सारा अली खान ने कहा है कि एक कलाकार होने के लिए मोटी चमड़ी होनी जरूरी है, जो उनके पास है। सारा ने कहा कि उनके रास्ते में जो भी आता है वह उसे सकारात्मक तरीके से हंसी में लेती हैं। सारा ने लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई के मौके पर बताया, कोई भी चीज वास्तव में मुझे परेशान नहीं करती। पिछले कुछ वर्षों में मेरी चमड़ी मोटी हो गई है। मैं हर चीज को सकारात्मक तरीके से लेती हूं। सारा को फिल्में देखना बहुत पसंद है और उसके पास अपना पसंदीदा सेट है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे पास पसंदीदा कलाकारों का अपना एक सेट है। मुझे दूसरे लोगों का काम देखना पसंद है क्योंकि मैं हर किसी से और अपने आस-पास मौजूद हर चीज से सीखते रहना चाहती हूं। उन्होंने आगे कहा, हर कलाकार की अपनी खूबियां होती हैं, मैं उसे चुनना और उसे अपने काम में शामिल करना पसंद करती हूं। मुझे खुद को बेहतर बनाना पसंद है। जब संगीत की बात आती है तो सारा पूरी तरह से बॉलीवुड प्रेमी हैं।

एक्टेस ने कहा, मेरे पास अपनी प्लेलिस्ट है जो मेरे हर वाइब के लिए अलग है, मुझे हिंदी संगीत बहुत पसंद है इसलिए मुझे लगता है कि मैं पूरी तरह से बॉलीवुड की शौकीन हूं।



# एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने गोवा में देवरा पार्ट 1 का अपना शेड्यूल किया पूरा

अपकमिंग फिल्म देवरा- पार्ट 1 में नजर आने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने गोवा में फिल्म का अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शेयर किया कि वह गोवा वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सूर्यास्त की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, वापस आने और फिर से थंगम बनने का इंतजार नहीं कर सकती।

फिल्म में जान्हवी थंगम नामक एक ग्रामीण लड़की की भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म उनकी तेलुगु सिनेमा की पहली फिल्म है और इसमें सैफ अली खान और तेलुगु सुपरस्टार एनटीआर जूनियर भी हैं। देवराः पार्ट 1 का गोवा शेड्यूल 19 मार्च को शुरू हुआ और इसमें एक गाने का सीक्वेंस भी शामिल था। इस बीच जान्हवी तेलुगु सिनेमा में आगे बढ़ रही हैं। वह आगामी फिल्म आरसी 16 में राम चरण के साथ नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने आरसी16 के सेट से तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें राम चरण, उनके पिता और तेलुगु मेगास्टार चिरंजीवी और ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान और अन्य क्रू सदस्य नजर आ रहे थे। बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित, आरसी16 तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में देवरा- भाग 1 के बाद जान्हवी की दूसरी फिल्म है।

# मुंबई के हुक्का बार पर पुलिस की रेड में पकड़े गए मुनव्वर फारूकी, मेडिकल टेस्ट निकला पॉजिटिव

मुनव्वर फारूकी को मुंबई पुलिस ने एक हुक्का बार पर छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया?। मुनव्वर का मेडिकल टेस्ट करवाया गया, जो पॉजिटिव निकला और उन पर एक्शन लिया गया। मुंबई पुलिस ने जानकारी दी कि मुनव्वर फारूकी को फिर पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।



मुनव्वर फारूकी अब एक नई मुश्किल में फंस गए। हाल ही मुंबई में एक हुक्का बार में हुई छापेमारी के दौरान मुंबई पुलिस ने मुनव्वर फारूकी को हिरासत में ले लिया। उनके साथ छह अन्य लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। घटना मंगलवार, 26 मार्च रात की है। हालांकि बाद में पूछताछ के बाद मुनव्वर फारूकी को छोड़ दिया गया।

इसके कुछ देर बाद मुनव्वर फारूकी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एयरपोर्ट से तस्वीरें शेयर कीं। मुंबई पुलिस की सामाजिक सेवा शाखा ने एक टिप मिलने पर बोरा बाजार में सबलान हुक्का बार पर छापा मारा। था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारी टीम को जानकारी मिली थी कि हुक्का के नाम पर वहां तंबाकू का इस्तेमाल हो रहा है। हर्बल हुक्का की आड़ में तंबाकू वाला हुक्का उपयोग किया जा रहा है। अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने तंबाकू हुक्का का इस्तेमाल किया है, तो उन पर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत आरोप लगाया जाएगा।



# उर्वशी ने ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर दिया ऐसा जवाब

बीते कुछ वक्त से चर्चा ऐसी चर्चा है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला क्रिकेटर ऋषभ पंत को डेट कर रही हैं. हालांकि दोनों ने कभी अपने रिश्ते को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है. लेकिन साल 2022 में जब ऋषभ पंत का कार एक्सीडेंट हुआ तो उर्वशी रौतेला और उनकी मां क्रिकेटर का हालचाल लेने अस्पताल में पहुंची थी. जिसके बाद से एक्ट्रेस और ऋषभ पंत के रिश्ते को लेकर और भी तेज हो गई. इस बीच उर्वशी रौतेला ने उनके साथ अपनी शादी को लेकर प्रतिक्रिया दी है. हाल ही में जेएनयू एक्ट्रेस ने वेबसाइट फिल्मीज्ञान से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म के अलावा पर्सनल लाइफ के बारे में भी बताया है. उर्वशी रौतेला से सवाल किया गया कि वह ऋषभ पंत से कब शादी करेंगी. इस पर एक्ट्रेस ने थोड़ी देर खामोश होकर कहा- नो कमेंट्स. एक्ट्रेस के इस जवाब से साफ है कि उर्वशी ने अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट रखने का फैसला किया है. आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला इन दिनों फिल्म जे.एन.यू.- जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी को लेकर चर्चा में हैं. वह इन दिनों अपनी इस फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं. इसके अलावा उर्वशी रौतेला अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3 में उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल,दलकीर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ एनबीके109, सनी देओल और संजय दत्त के साथ बाप ( हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक ). वहीं बात करें ऋषभ पंत की तो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं.



### पुराने दिनों को याद करती दिखीं

# करीना

करीना कपूर आने वाले दिनों में क्रू में तब्बू और कृति सेनन के साथ नजर आने वाली है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। करीना बॉलीवुड के पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, अब क्यों नहीं लोग लव-स्टोरी बनाते हैं।

करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म क्रू की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में वे एक एयर होस्टेस की भूमिका में नजर आने वाली हैं। करीना अपनी आने वाली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहीं हैं। हाल ही में अपने फिल्म के प्रमोशन के दौरान करीना पुराने दिनों को याद करती नजर आईं।

## गीत दिमाग से नहीं दिल से सोचती थी

करीना कपूर ने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री की फिल्म जब वी मेट आज भी दर्शकों को बेहद पसंद है। करीना उस फिल्म में गीत के किरदार में नजर आई थीं। करीना कहती हैं, देखिए जब वी मेट जैसी फिल्में बार-बार नहीं बनती हैं। आज भी दर्शक गीत को याद करते हैं। गीत दिल से सोचती थी। वह किरदार सोशल मीडिया वाले युग से पहले का किरदार है।

# Titanic में रोज की जान बचाने वाला दरवाजा 5.83 करोड़ में हुआ नीलाम



फिल्म 'टाइटैनिक' को आए कई साल बीत चुके है। लेकिन आज भी ये लोग इसे उतना ही पसंद करते हैं। इस फिल्म को पसंद करने के लोगों के पास कई कारण हैं। किसी को इसमें दिखाई गई लव स्टोरी पसंद है तो किसी को इसका दिल तोड़ देने वाला अंत पसंद आता है।

इसके एक्टर्स की फैन फॉलोइंग की बात की जाए तो उसकी कोई लिमिट ही नहीं। लियोनार्डो डिकैप्रियो और केट विंसलेट की लव स्टोरी में वो दरवाजा काफी चर्चा में रहा है, जिसके कारण रोज की जान बची थी। अब इस दरवाजे को नीलाम कर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जिस दरवाजे ने रोज की जान बचाई थी उसे ही जैक के दुखद निधन का कारण भी माना जाता है। हाल ही में एक नीलामी में वो दरवाजा 718,750 डॉलर में बिका है। इसके अलावा जो ड्रेस केट विंसलेट ने पहनी थी उसे भी इस नीलामी ने 125,000 डॉलर में नीलाम हुई।

आपको बता दें कि फिल्म को देखने पर लोगों को लगा था कि वो दरवाजा महज एक लकड़ी का पैनल था, जबकि हेरिटेज ऑक्शन्स ट्रेजर्स ने स्पष्ट किया कि यह वास्तव में जहाज के फर्स्ट क्लास लाउंज के एंट्रेंस के ठीक ऊपर के दरवाजे के फ्रेम का हिस्सा है। फिल्म में पहनी गई केट की शिफॉन ड्रेस भी इवेंट में 125,000 डॉलर में नीलाम हुई। बता दें कि जिस दरवाजे को नीलाम किया गया है, उसे लेकर सालों तक बहस चली।

फिल्म के अंत में जैक की मौत पर काफी बहस होती रही है। फैंस हमेशा से कहते आए हैं कि जैक की जान बचाई जा सकती थी। दरअसल निर्देशक ने दोनों की तुलना लव स्टोरी को रोमियो-जूलियट से की थी। लोगों का कहना था कि उस दरवाजे पर रोज के साथ-साथ जैक भी जा सकता था और बच सकता था। इसे लेकर निर्देशक को अपना पक्ष भी रखना पड़ा था कि आखिर उन्होंने जैक की मौत क्यों दिखाई।




# OTT पर इस दिन स्ट्रीम होगी आश्रम-4

एनिमल मूवी से बॉबी देओल ने फिल्मों में जोरदार वापसी की है। अब खबर है कि उनकी वेब सीरीज आश्रम के 3 सफल सीजन के बाद इसका सीजन 4 भी आने वाला है। आश्रम वेब सीरीज एमएक्स प्लेयर पर मौजूद है और इसमें बॉबी देओल ने एक स्वयंभू गॉडमैन का रोल निभाया है, जो पॉवरफुल होने के साथ-साथ दुष्ट भी होता है। ये गॉडमैन भगवान, धर्म और आस्था के बहाने कई आपराधिक गतिविधियों का मास्टरमाइंड होता है। बॉबी देओल की ये सीरीज लोगों ने काफी पसंद किया है और अब फैंस आश्रम 4 भी जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। आश्रम 4 का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है और इसमें बाबा निराला की वापसी का हिंट दिया गया है। हालांकि, उसके बाद से मेकर्स ने इसे लेकर कोई अपडेट नहीं दी। सीरीज में अहम रोल निभाने वाले चंदन रॉय सानियास ने एक बड़ा हिंट दिया है कि आश्रम 4 इसी साल रिलीज होगी। उन्होंने बताया कि आश्रम 4 की शूटिंग अभी थोड़ी बाकी है।




## 6.8 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था, एसएंडपी ने 2024-25 के लिए बढ़ाया भारत का विकास दर अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान लगाए जाने के बाद एसएंडपी ने 2024-25 के लिए विकास दर में बढ़ोतरी की है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद और उसकी तेज रफ्तार को देखते हुए दुनियाभर की बड़ी रेटिंग एजेंसियां भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भी अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 0.4 फीसदी बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गतिविधियों के बीच 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान लगाए जाने के बाद एसएंडपी ने 2024-25 के लिए विकास दर में बढ़ोतरी की है। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आमतौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। इनमें भारत,




इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम सबसे आगे हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी अर्थव्यवस्थाएं बड़े पैमाने पर घरेलू मांग पर आधारित हैं। इन देशों में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और महंगाई का प्रभाव देखने को मिला है, जिसने दूसरी छमाही में जीडीपी की वृद्धि को कम किया है। फिर भी, उम्मीद है कि 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी हो जाएगी।

### महंगाई...4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद

महंगाई के मोर्चे पर अमेरिकी एजेंसी ने कहा, खुदरा मुद्रास्फीति के 2024-25 में घटकर औसतन 4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद है। वहीं, गैर-खाद्य उपभोक्ता महंगाई करीब 250 आधार अंक घट गई है। खाद्य महंगाई चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 10 महीने में 40 आधार अंक बढ़ी है। इन उतार-चढ़ाव के बावजूद मुख्य महंगाई चालू वित्त वर्ष में घटकर 5.5 फीसदी रह जाएगी, जो 22-23 में 6.7 फीसदी रही थी। एसएंडपी ने कहा, उच्च ब्याज दरों की वजह से अगले वित्त वर्ष में घरेलू मांग प्रभावित होगी। घरेलू मांग में गिरावट न आए, इसलिए आरबीआई 2024-25 के दौरान रेपो दर में 75 आधार अंक तक की कटौती कर सकता है। यह कटौती बड़े पैमाने पर इस साल की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है। नरम महंगाई, कम राजकोषीय घाटा व अमेरिका में कम ब्याज दरें आरबीआई के लिए दरों में कटौती शुरू करने का आधार बनाएंगी।

### वित्तीय क्षेत्र को मजबूत व पारदर्शी बना रहे आरबीआई के सख्त कदम

एसएंडपी का कहना है कि वित्तीय क्षेत्र में संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता में सुधार के लिए आरबीआई गंभीर प्रतिबद्धता दिखा रहा है। उसके उपाय बैंकों को अधिक मजबूत और पारदर्शी बना रहे हैं। केंद्रीय बैंक की ओर से हाल में किए गए ये उपाय वित्तीय संस्थानों के अति उत्साह को कम करेंगे। नियमों के अनुपालन की संस्कृति को बढ़ाएंगे और ग्राहकों के हितों की रक्षा करेंगे। एसएंडपी ग्लोबल में क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, आरबीआई नियमों का अनुपालन नहीं होने, ग्राहक शिकायतों, आंकड़ों की गोपनीयता, कामकाज, केवाईसी और मनी-लॉन्ड्रिंग निरोधक मुद्दों को लेकर ज्यादा सख्त है। केंद्रीय बैंक ने सार्वजनिक रूप से उन प्रमुख मुद्दों का खुलासा करने का निर्णय लिया है, जो संबंधित संस्थाओं के खिलाफ निलंबन या अन्य सख्त कार्रवाई का कारण बनते हैं। वह उन गतिविधियों की निंदा करने में भी अधिक मुखर हो गया है, जो ग्राहकों और निवेशकों के हितों के लिए नुकसानदायक हैं।

## बैंक-बीमा से देर से पॉलिसी सरेंडर करने पर मिलेगा ज्यादा मूल्य, इरडा ने अधिसूचित किए नियम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए नियम के तहत अगर पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटाई या वापस की जाती है, तो सरेंडर मूल्य समान या उससे भी कम रह सकता है। पॉलिसी को चौथे से सातवें वर्ष तक वापस करने पर सरेंडर मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है। पॉलिसीधारक जितनी देर से अपनी जीवन बीमा पॉलिसी सरेंडर करेंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा मूल्य मिलेगा। इसके लिए भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्कों का खुलासा पहले ही करना होता है। ये नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन-2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका मकसद बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता बेहतर करना व बीमा को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2024 के दौरान प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए माय11सर्किल ने लॉन्च किए कैंपेन

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे ज्यादा यूजर-सेंट्रिक, साइंटिफिक और इनोवेटिव ऑनलाइन स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स24×7 अपने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल के नए रोमांचक कैंपेन के माध्यम से आईपीएल 2024 के उत्साह को बढ़ाने के लिए तैयार है। कैंपेन का टाइटल है, %माय11सर्किल पर एक करोड़ तो बस शुरुआत है, सोचो... कितनी बड़ी बात है!%। यह कैंपेन न केवल उत्सुकता बढ़ाएगा, बल्कि यूजर्स का रोमांच भी बढ़ेगा, जिससे सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट उनके लिए ज्यादा एंगेजिंग बनकर सामने आएगा। यह कैंपेन इस बात का संकेत देता है कि प्लेटफॉर्म पर पहला पुरस्कार 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यह नया ब्रांड कैंपेन ज्यादा से ज्यादा क्रिकेट प्रशंसकों को अपने चुनिंदा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जुड़ने, खेल से उनके जुड़ाव को समृद्ध करने और उनके अनुभव को निखारने के लिए तैयार है।

### अल्यूविंड आर्किटेख्रल लिमिटेड का आईपीओ 28 मार्च, 2024 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत और आम कॉर्पोरेट खर्च का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 04 अप्रैल, 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर कॉर्पविस एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है.अल्यूविंड आर्किटेख्रल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री मुरली मनोहर काबरा ने कहा, ÷हम इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने के हमारे निर्णय की घोषणा करते हुए रोमांचित है. फेस्ड और फेनेस्ट्रेशन उद्योग में हमारी यात्रा इनोवेशन, मलिटी और उत्कृष्टता के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता द्वारा चिन्हित होती है. हम हमारी शुरुआत से लगातार सीमाओं को आगे बढ़ा रहे है, अत्याधुनिक सॉल्यूशंस प्रदान कर रहे हैं।

### सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए मार्च में 3 प्रमुख पहल शुरू किए

**नई दिल्ली।** अपनी स्थापना के बाद से, सहकारिता मंत्रालय ने ÷सहकार-से-समृद्धि÷ के दृष्टिकोण को साकार करने और देश में प्राथमिक से शीर्ष स्तर की सहकारी समितियों तक सहकारी आंदोलन को मजबूत और गहरा करने के लिए कई पहल किए हैं।शुरुआत से ही, मंत्रालय ने अंतराल को पाटने, सहकारी समितियों का विस्तार करने, टर्नओवर और मुनाफा बढ़ाने और उन्हें किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से गतिविधियों की पहचान की है।8 मार्च को गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पोर्टल का लोकार्पण और 'राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023= एक रिपोर्ट' का विमोचन किया। अब सहकारी क्षेत्र के बारे में सारी जानकारी बस एक क्लिक पर उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में विस्तार, विकास और वितरण सुनिश्चित करने के लिए डेटाबेस एक प्रमुख कदम है। यह कम्पास की तरह सहकारी क्षेत्र के विकास को दिशा देगा.गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस महीने की शुरुआत में डेटाबेस लॉन्च करते हुए कहा था कि राष्ट्रीय डेटाबेस देशभर में कहाँ सहकारी समितियां कम हैं, उस गैप की पहचान कर सहकारिता के विस्तार में मददगार साबित होगा। देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत समितियां हैं, जिनसे 30 करोड़ से अधिक नागरिक जुड़े हुए हैं।13 मार्च को, मंत्री शाह ने नई दिल?ली में तीन बहुराज्यीय सहकारी समितियों- भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड , नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।इन तीनों सहकारी समितियों की स्थापना इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर की गई थी।

## माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सरफेस का फिर से किया गया विलय, आईआईटी मद्रास के पवन दावुलुरी करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पवन दावुलुरी, जो पहले माइक्रोसॉफ्ट के हार्डवेयर से जुड़े काम की देखरेख करते थे अब विंडोज इंजीनियरिंग का भी नेतृत्व करेंगे। विंडोज और सरफेस टीमों का पुनर्मिलन माइक्रोसॉफ्ट के इंजीनियरिंग और डिवाइस संगठन के भीतर एक परिचित संरचना की वापसी की तरह है माइक्रोसॉफ्ट ने एक बार फिर विंडोज और सरफेस टीमों का आंतरिक रूप से विलय कर दिया है। आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को इसके नेतृत्व के लिए नियुक्त किया गया है। विंडोज सेंट्रल नामक एक समाचार साइट जो माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ी खबरों को ट्रैक करती है ने यह जानकारी दी है। उनके अनुसार दोनों टीम कुछ समय के लिए अलग हो गईं थीं। विंडोज और सरफेस टीमों का पुनर्मिलन माइक्रोसॉफ्ट के इंजीनियरिंग और डिवाइस संगठन के भीतर एक परिचित संरचना की वापसी की तरह है, इसकी अध्यक्षता राजेश झा कर रहे थे। पवन दावुलुरी, जो पहले माइक्रोसॉफ्ट के हार्डवेयर से जुड़े काम की देखरेख करते थे अब विंडोज इंजीनियरिंग का भी नेतृत्व करेंगे। यह फेरबदल पिछले सितंबर में पूर्व-विंडोज और सरफेस प्रमुख पैनोस पनाय के जाने के बाद हुआ है,



जिनकी भूमिका प्रभावी रूप से दावुलुरी और मिखाइल पारखिन के बीच विभाजित कर दी गई थी। परखिन ने माइक्रोसॉफ्ट में वेब और विज्ञापन के सीईओ के रूप में अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ-साथ बिंग, एज और कोपॉयलट जैसे उत्पादों की देखरेख करते हुए विंडोज का कार्यभार संभाला।

## बाल्टीमोर ब्रिज हादसे से भारत में गहरा सकता है कोयला संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी थर्मल कोयले का एक प्रमुख आयातक भारत पुल ढहने के बाद अपनी आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमेरिका स्थित एक व्यापारी के अनुसार, इस घटना से आर्क कोल के शिपमेंट के प्रतिबंधित होने और भारतीय आयातकों के लिए रसद बाधाएं पैदा होने की उम्मीद है। अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट पुल के ढहने की गूंज पूरे भारतीय कोयला और पेटकोक बाजारों में सुनाई दे रही है। इससे आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और मूल्यों पर असर पड़ने की चिंता पैदा हो गई है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के अनुसार, एक जहाज की टक्कर से कोयला निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बाल्टीमोर हार्बर के माध्यम से परिचालन स्थगित हो गया है।



अमेरिकी थर्मल कोयले का एक प्रमुख आयातक भारत पुल ढहने के बाद अपनी आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमेरिका स्थित एक व्यापारी के अनुसार, इस घटना से आर्क कोल के शिपमेंट के प्रतिबंधित होने और भारतीय आयातकों के लिए रसद बाधाएं पैदा होने की उम्मीद है। एक ब्रोकर ने एसएंडपी को बताया, यह घटना आर्क कोल से एनएपीपी शिपमेंट को प्रतिबंधित करेगी और भारत के लिए आपूर्ति श्रृंखला में कई समस्याएं पैदा करेगी। यूरोप में थर्मल कोयले पर इसका असर पड़ेगा। भारत पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। पेटकोक की कीमतों में उछाल देखकर ऐसा लग रहा है! हालांकि, भारतीय बाजार के कारोबारियों की मूल्य निर्धारण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में मिश्रित राय है। एक भारतीय व्यापारी ने कहा, अधिकारियों को यह आकलन करने में 6-7 दिन लगेंगे कि घटना से कितना मलबा है और कितना ड्राफ्ट जमा है। क्योंकि अगर ड्राफ्ट कम है तो यह समस्या हो सकती है। अधिकारियों को मलबा हटाने में 10-15 दिन लग सकते हैं, इसलिए इसका मतलब है कि इस अवधि के दौरान जहाजों की आवाजाही नहीं होगी। बाल्टीमोर बंदरगाह, अमेरिकी थर्मल कोयला निर्यात के लिए एक प्रमुख लोडिंग स्थान है। यह भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## स्टाईलिश डिज़ाईन, किफायती मूल्य: पोको ने 6,999 रुपये में पोको सी61 लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** आज अग्रणी टेक्नोलॉजी ब्रांड, पोको ने अपनी टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन की प्रतिबद्धता के साथ पोको सी61 लॉन्च किया। यह बेहतरीन परफॉर्मेंस, डिज़ाईन और शानदार डिस्प्ले प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। पोको सी61 में किफायती मूल्य में सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की पोको की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, ताकि स्मार्टफोन के अनुभव को और ज्यादा उत्तम बनाया जा सके। इस स्मार्टफोन में सेगमेंट का सबसे अच्छा, स्टाईलिश, 6.71 इंच का डॉट ड्रॉप डिस्प्ले लगा है, जिसमें 90 हर्ट्ज़ के रिफ्रेश रेट और साईड फिंगरप्रिंट सेंसर है। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है।इस लॉन्च के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''पोको आसान कीमतों में सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सी-सीरीज़ में अपने सबसे नए स्मार्टफोन पोको सी61 को




लेकर बहुत उत्साहित हैं। इसमें प्रीमियम डिज़ाईन के साथ बहुत ही शानदार विशेषताएं हैं। पोको सी61 को हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। हमें विश्वास है कि पोको सी61 बजट स्मार्टफोन के मानकों को बढ़ा देगा। हम ग्राहकों द्वारा इसका अनुभव लिए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।''

**प्रीमियम डिज़ाईन :** पोको सी61 किफायती मूल्य में प्रीमियम डिज़ाईन के साथ एक शानदार बजट स्मार्टफोन है। इसमें रेडिएंट रिंग डिज़ाईन के साथ ग्लास बैक डिज़ाईन है। पोको सी61 एक स्टाईलिश डिवाईस है, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर लेगी। इसमें फास्ट साईड फिंगरप्रिंट सेंसर द्वारा फोन को सुरक्षित रूप से और आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। साथ ही, 168.4मिमी*76.3मिमी*8.3मिमी के कॉम्पैक्ट साईज़ और 193 ग्राम के लाईटवेट बिल्ड यह साथ में लेकर चलना बहुत सुविधाजनक है।

**सुंदर डिस्प्ले :** पोको सी61 में 6.71'' का एलसीडी डॉट ड्रॉप एचडी+ डिस्प्ले लगा है, जो बहुत सुंदर और स्पष्ट विज़्युअल्स प्रदान करता है। इसमें 90 हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट और 180 हर्ट्ज़ का टच सैंपलिंग रेट है। यह डिस्प्ले बहुत रिस्पॉन्सिव और स्मूथ है। इस स्मार्टफोन का कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 इसे खरोंच और टूट-फूट से बचाता है। साथ ही डीसी डिमिंग टेक्नोलॉजी के कारण आँखों पर तनाव कम होता है। इसमें 89.5प्रतिशत (एए/सीजी) का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात और 1.15 मिमी का साईड बेज़ेल सर्वाधिक व्यूईंग एरिया प्रदान करता है। यह 500 निट्स तक के उच्च ब्राईडनेस मोड में काम कर सकता है, इसलिए पोको सी61 के डिस्प्ले पर धूप में भी पढ़ना आसान है।

**बैटरी:** पोको सी61 में 5000एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है, जो पूरा दिन चलती है। इस डिवाईस के साथ 10 वॉट का चार्जर मिलता है, जो इसे आसानी और तेजी से चार्ज कर सकता है। यूएसबी टाईप-सी कनेक्टिविटी के साथ पोको सी61 तीव्र डेटा ट्रांसफर और तेज चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है।

**ड्युअल कैमरा सिस्टम :** पोको सी61 का ड्युअल कैमरा सिस्टम खूबसूरत सेल्फी और फोटो लेने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसमें 1.12 माईक्रोमीटर पिक्सल, एफ/2.0 एपर्चर और एएफ के साथ 8 मेगापिक्सल का एआई ड्युअल कैमरा लगा है, जबकि फ्रंट फेसिंग 5 मेगापिक्सल के सेल्फी कैमरा के साथ एफ/2.2 एर्पचर है। डेप्थ कंट्रोल, फिल्म फिल्टर्स, टाईम्ड बर्स्ट, एचडीआर आदि के साथ एआई पोर्टेऊट की मदद से ये दोनों कैमरे यूज़र्स को हर क्षण को खूबसूरत डिटेल्स के साथ कैप्चर करने के अनेक विकल्प उपलब्ध कराते हैं।

**शक्तिशाली परफॉर्मेंस और स्टोरेज :** पोको सी61 में मीडियाटेक जी36 प्रोसेसर लगा है, जो 12नैनोमीटर प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर आधारित है। इसमें तेज और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए 2.2 गीगाहर्ट्ज़ तक की क्लॉक स्पीड के साथ ऑक्टाकोर प्रोसेसर लगा है।

## अपस्टॉक्स ने उपयोगकर्ताओं को बुद्धिमानी से निवेश करने में मदद करने के लिए शुरू किया "किट किट दूर करें" अभियान

**मुंबई =** भारत के सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करते और उच्चतम रेटिंग वाले ट्रेडिंग और निवेश प्लेटफॉर्म, अपस्टॉक्स ने आज अपने नवोन्मेषी ब्रांड अभियान, %किट किट दूर करें, बाजार में उतरें% (%कट द किट किट, गेट इन द मार्केट%) का अनावरण किया। इस अभियान के साथ, अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, खुदरा निवेशकों को भ्रामक जानकारियों, बहुत सी सूचनाओं के शोर और जानकारी की अधिकता से बचकर सही तरीके से निवेश करने में मदद करना।अपस्टॉक्स के अपने आंतरिक शोध के अनुसार, निवेश यात्रा अक्सर वित्तीय उत्पादों की गुमराह करने वाली जानकारी के आधार पर बिक्री (मिस-सेलिंग), गुमराह करने वाले परामर्श, सूचना की अधिकता और जटिल शब्दजाल जैसी चुनौतियों से भरी होती है। इस वजह अक्सर लोग ऐसे फैसले करते हैं उनके वित्तीय लक्ष्यों से मेल नहीं खाते। उदाहरण के लिए, उपयोगकर्ता अक्सर म्यूचुअल फंड में निवेश करते समय आवश्यक जोखिम और व्यय की बारीकियों के मुकाबले रिटर्न को प्राथमिकता देते हैं। इस तरह वे बगैर उचित मूल्यांकन के 1 करोड़ रुपये का टर्म इंश्योरेंस प्लान चुन सकते हैं। इस तरह बिना पूरी जानकारी के फैसले किये जाते हैं, जिससे निवेशकों में



आत्मविश्वास की कमी हो जाती है। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, अपस्टॉक्स ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए मुश्किलों और जटिलताओं को दूर करने की पहल की है। कंपनी बाज़ार के ÷किट-किट दूर करना÷ (सूचनाओं का शोर कम करना) चाहती है, और उपयोगकर्ताओं को उनके लिए जो सही है, उसमें निवेश कर धन सृजन शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है।निवेशकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए, अपस्टॉक्स ने किट किट दूर करें, बाजार में उतरें (÷कट द किट, गेट इन द मार्केट÷) की अवधारणा पर एक अभियान वीडियो लॉन्च किया है। वीडियो में, थिएटर के जीवंत माहौल के बीच, म्यूचुअल फंड में निवेश का उल्लेख कलाकारों और दर्शकों की ओर से ÷किट किट÷ का एक कोरस शुरू होता है, तब तक गूंजता है जब तक निवेश करने के इच्छुक लेकिन भ्रमित नायक को अपस्टॉक्स ऐप से परिचित नहीं कराया जाता, जिसके तहत सोच-समझ कर फैसला करने के लिए टॉप-रेटेड म्यूचुअल फंड और वित्तीय डेटा तक पहुंच की पेशकश की जाती है।कंपनी अगले कुछ हफ्तों में प्रचार अभियान के दो और वीडियो लॉन्च करने की भी योजना बना रही है। फिल्मों में दर्शाया जाएगा कि जब निवेश की बात आती है तो लोगों अक्सर सही जानकारी पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन अपस्टॉक्स के साथ; उपयोगकर्ता सीधे ऐसा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें सही तरीके से निवेश करने में मदद मिलती है।इस प्रचार अभियान के लॉन्च के बारे में, अपस्टॉक्स की सह-संस्थापक, कविता सुब्रमण्यन ने कहा, ÷भारत परंपरागत रूप से निवेशकों के बजाय बचतकर्ताओं का देश रहा है। एक महत्वपूर्ण बाधा स्पष्ट, सुलभ जानकारी की कमी रही है, इसके परिणामस्वरूप निवेश के गलत फैसले होते हैं। अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, हर भारतीय को अक्सर पेश आने वाली दिक्कतों से बचते हुए, सभी परिसंपत्ति वर्गों में बुद्धिमानी से निवेश करने के लिए सही ज्ञान और तरीके के साथ सशक्त बनाना।

## टीईडीएक्स महिन्द्रा युनिवर्सिटी: सीमाओं से परे- वैश्विक चुनौतियों के लिए अंतरक्षेत्रीय समाधान




**हैदराबाद/नई दिल्ली,** महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने शनिवार, 23 मार्च को ÷सीमाओं से परे: वैश्विक चुनौतियों के लिए अंतरक्षेत्रीय समाधान÷ विषय के तहत अपने टीईडीएक्स कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की। टीईडीएक्स से लाइसेंसशुदा इस स्वतंत्र रूप से आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों को लेकर अनूठे दृष्टिकोण तलाशने के लिए विविध क्षेत्र से वक्ता और दर्शक शामिल हुए। ÷सीमाओं से परे÷ थीम हमारे विश्व की गतिशील प्रकृति को परिलक्षित करती है जहां पारंपरिक समाधानों के पुनर्मूल्यांकन की जरूरत है। यह जलवायु परिवर्तन, प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप और सामाजिक-आर्थिक असमानता जैसी जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में गठबंधन की जरूरत पर बल देता है। टीईडीएक्स महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने विभिन्न क्षेत्रों सेचिंतकों, स्वप्न देखने वालों, नेताओं और नवप्रवर्तकों को अपना दृष्टिकोण साझा करने का मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने एक ऐसे माहौल का निर्माण किया जहां विविध अंतर्दृष्टि के आदान प्रदान से ऐतिहासिक समाधानों के सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस आयोजन में ड्राइव ऑन माई ओन फाउंडेशन की संस्थापक डाक्टर अनिता शर्मा, डेवलपर ऑफ टीचर टेलिंग टेल्स से स्टोरीटेलर डाक्टर अंकित द्विवेदी, डेल्ही कॉलेज ऑफ आर्ट्स के संस्थापक, प्रधानाचार्य और प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार पृथ्वीवासी, प्ले2ट्रांसफॉर्म ग्रुप के संस्थापक और क्यूरेटर इंडियाज़ बुक ऑफ ड्रीम्स- डाक्टर अविनाश झांगियानी, उद्यमी, लेखक और आविष्कारक प्रॉक्सजी पुलकित आहुजा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, टेक महिन्द्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजेश धुद्धू, योरदोस्त की सीईओ एवं संस्थापक सुश्री रिचा सिंह और फुल स्टैक ब्लॉकचेन डेवलपर और संस्थापक फोर्जवाइज़ सुश्री श्रुति मंथेना प्रमुख वक्ताओं में शामिल थे।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सबसे पहले मेहमान रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी और नीतू कपूर ने काफी गपशप की और कैसे!




**नई दिल्ली।** आखिरकार इंतज़ार खत्म हुआ! नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो 30 मार्च को प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसमें हर शनिवार रात 8 बजे नए एपिसोड आएंगे। इस वीकेंड, शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि मशहूर कपूर परिवार है, जिसे बॉलीवुड का सबसे प्रसिद्ध परिवार कहा जाता है। भाई-बहन रणबीर कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी अपनी खूबसूरत मां नीतू कपूर के साथ गपशप करते नज़र आएंगे और कपिल और पूरी टीम पूरे उत्साह के साथ उनका स्वागत करेगी। बी-टाउन में नवीनतम पिता, रणबीर कपूर ने जब राहा के बारे में बात की, तो उनके एक्सप्रेशन ने सब कुछ कह दिया। अपने बेटे रणबीर के एक प्यारे पिता के रूप के बारे में बताते हुए, नीतू कपूर ने कहा, ÷जब भी राहा कमरे में आती है, तो आपको रणबीर का चेहरा देखना चाहिए, यह भावों से भरा होता है। वह बहुत उत्साहित होता है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि मैंने कई पिता देखे हैं लेकिन मैंने उसके जैसा कोई नहीं देखा। राहा इसे ढूंढती रहती है और उसे अपने पिता के साथ खेलना पसंद है। जब रणबीर से पूछा गया कि क्या उन्हें डायपर बदलने का पर्याप्त अनुभव है, तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह डकार दिलाने के विशेषज्ञ हैं!



# बौना तो फिर बौना होता है और देवता...

## हार्दिक पंड्या-रोहित की कप्तानी पर नवजोत सिंह सिद्धू का शायराना कटाक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने कप्तानी में बहुचर्चित बदलाव के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रोहित शर्मा के हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेलने के बारे में बड़ा बयान दिया है। हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से मुंबई इंडियंस ने ट्रेड किया था और फिर अपने 5 बार के चैंपियन कप्तान से रिप्लेस कर दिया। यह बात फैंस को हजम नहीं हो रही है। इस बीच सिद्धू ने कहा कि धोनी और रोहित अपने आप में महान खिलाड़ी हैं, और किसी अन्य कप्तान के तहत एक फ्रेंचाइजी टीम में खेलने से उनकी स्थिति कम नहीं हो जाती है।

उन्होंने कहा- मैंने एक भारतीय टीम में खेला है जहां पांच कप्तान एक साथ हुआ करते थे। कपिल देव, दिलीप वेंगसरकर, सुनील गावस्कर, कृष्णमाचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री। एक ईंट उठाओ और तुम्हें इसके ऊपर और नीचे दोनों जगह एक कप्तान मिलेगा। वहां कोई मुद्दा नहीं था, क्योंकि वे अपने देश के लिए खेल रहे थे। उन्हें देश से मोटिवेशन मिलती थी। हार्दिक के नेतृत्व में खेलने से रोहित का कद छोटा नहीं हो जाता।

### उन्होंने आगे कहा-

धोनी पहले ही कप्तानी पास (रुतुराज गायकवाड़ को) कर चुके हैं और यहां मुंबई इंडियंस में भी ऐसा हो सकता था। लेकिन यह एक फ्रेंचाइजी है और वे प्रदर्शन को देखते हैं। उन्होंने इसे तीन साल दिए और जब बात नहीं बनी तो उन्होंने इस काम के लिए एक नए व्यक्ति को बुला लिया। आपको इसे स्वीकार करना होगा। लेकिन रोहित शर्मा और एमएस धोनी महान खिलाड़ी हैं। इसके बाद नवजोत ने अपने शायराना अंदाज में कहा- एक बौना फिर भी बौना होता है, भले ही वह पहाड़ की चोटी पर खड़ा हो और एक भगवान, भगवान होता है, भले ही वे एक कुएं के नीचे खड़े हों। उन्होंने कहा कि सोना तो सोना होता है, जो जौहरी की मार खाकर भी किसी के गले का हार बनता है। बता दें कि किसी को भी यकीन नहीं था मुंबई इंडियंस इस तरह का फैसला लेगी, क्योंकि वह ऐसे फैसलों के लिए नहीं जानी जाती है।

### चेन्नई ने 29वीं बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया

# जानें गुजरात की हार के 5 बड़े कारण

**चेन्नई (एजेंसी)।** एम चिदंबरम स्टेडियम में एक बार फिर से 200 से ज्यादा का स्कोर बनाना चेन्नई सुपर किंग्स को राहत दे गया। चेन्नई आईपीएल इतिहास में रिकॉर्ड 29वीं बार 200 से ज्यादा स्कोर बनाने में सफल रही है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (24) हैं लेकिन चेन्नई का 200 से ज्यादा स्कोर बनाना टीम की जीत की गारंटी बनता जा रहा है। मंगलवार को भी चेन्नई ने पहले खेलते हुए शिवम दुबे के 51 रनों की बदौलत 206 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 63 रन पर ही लुढ़क गई। यह गुजरात की रनों के लिहाज से आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी हार है।

### इस मौकों पर चूक गई गुजरात

गुजरात के तेज गेंदबाज फेल = चेन्नई सुपर किंग्स की सलामी बल्लेबाज सबसे मजबूत रही है। गुजरात के गेंदबाजों उमरजजई और उमेश यादव इसे तोड़ नहीं पाए। कप्तान ऋतुराज ने जहां 46 रन बनाए तो वहीं, रचिन ने 20 गेंदों पर 46 रन बना दिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 5.2 ओवर में ही 62 रन जोड़ दिए थे। इससे गुजरात के हाथ से मैच दूर हो गया।

### शिवम दुबे की पारी

चेन्नई ने पहले खेलते हुए 200 से ज्यादा रन बनाए। इसकी मुख्य वजह शिवम दुबे रहे। दुबे ने मध्यक्रम में गिरते विकेटों के बीच रन गति कम नहीं होने दी। उन्होंने 23 गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 51 रन जड़े और डिरेल मिशेल से प्रैशर हटा दिया। अंत में समीर रिजवी ने भी 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर चेन्नई को बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। बता दें कि चेन्नई रिकॉर्ड 29वीं बार आईपीएल की एक पारी में 200 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली टीम है।

### मोहित-जॉनसन हुए फेल



गुजरात के लिए मुंबई के खिलाफ मुकाबला जितवाने में मोहित शर्मा और स्पेंसर जॉनसन की अहम भूमिका रही थी। दोनों ने चेन्नई का एक एक विकेट भी लिया लेकिन इसके लिए स्पेंसर ने 35 तो मोहित ने 36 रन लुटा दिए। राशिद खान ने भी दो विकेट लिए लेकिन इसके लिए 49 रन दे दिए। रनों पर अंकुश न लगा पाना टीम को भारी पड़ गया।

### धोनी और रचिन के कैच

चेन्नई सुपर किंग्स की जीत में धोनी के साथ रचिन रवींद्र के बेहतरीन कैच भी काम आए। धोनी ने तब विकेट के पीछे विजय शंकर का कैच पकड़ा जब गुजरात ओपनर्स को गंवाने के बाद संभल रही थी। धोनी के कैच लेने के बाद गुजरात के बल्लेबाज ड्रैग हो गए। इस दौरान रचिन रवींद्र ने भी उमरजजई, राहुल तेवतिया और राशिद खान के कैच पकड़कर गेम पलट दी।

### चेन्नई के तेज गेंदबाजों का बढ़िया प्रदर्शन

चेन्नई की जीत में तेज गेंदबाजों का अहम रोल रहा। चेन्नई की पिच अक्सर स्पिनरों को रास आती है लेकिन चेन्नई की ओर से दीपक चाहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे 2-2 विकेट लेने में सफल रहे। तीनों गेंदबाजों की इकोनमी 7.50 से नीचे रही।

## किसी को भी मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी : मोहित

चेन्नई (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने गत आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां 63 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाज की भरपाई करना काफी मुश्किल है। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज शमी टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं और आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनके बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी करने की उम्मीद है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे। शमी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में



होने वाले टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाएंगे। मोहित ने सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच के बाद कहा, 'किसी भी टीम को शमी जैसे गेंदबाज की कमी खलेगी और आप उनकी भरपाई किसी अन्य खिलाड़ी से नहीं कर सकते। लेकिन चोट पर किसी का नियंत्रण नहीं है और आपको यह देखना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा, 'जहां तक गुजरात टाइटंस की बात है, स्पेंसर (जॉनसन) और अजमतुल्लाह (उमरजई) का यह पहला साल है। उन्होंने अब तक काफी क्रिकेट नहीं खेला है इसलिए हमें उनके साथ धैर्य रखना चाहिए और नतीजों पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए। सुपरकिंग्स ने छह विकेट पर 206 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसमें सलामी बल्लेबाजों रुतुराज गायकवाड़ (46) और रचिन रविंद्र (46) तथा शिवम दुबे (51) की अहम भूमिका रही। टाइटंस के गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए जिसमें उमेश यादव ने दो ओवर में 27 रन दिए जबकि अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने चार ओवर में 49 रन खर्च किए। राशिद को हालांकि दो विकेट मिले। मोहित ने कहा कि सुपरकिंग्स द्वारा पावरप्ले में काफी रन बनाने से भी बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

# धोनी 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने क्यों आ रहे, कोच माइकल हसी ने बताई वजह

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम ने उनके बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिससे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ पा रहे हैं। वर्ष 2023 सत्र से शुरू किया गया 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम प्रत्येक फ्रेंचाइजी को पांच खिलाड़ियों को नामित करने की अनुमति देता है जिनमें से एक मैच के दौरान स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में खेल सकता है।

मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ सुपरकिंग्स की टीम छह विकेट पर 206 रन का विजयी स्कोर बनाने में सफल रही। हालांकि सात बल्लेबाजों के क्रीज





पर उतरने के बावजूद धोनी के बल्लेबाजी के लिए आने का कोई संकेत नहीं मिलने के कारण उनके प्रशंसक थोड़े अधीर हो गए थे।

हसी ने कहा, 'यह निश्चित रूप से मुख्य कोच (स्टीफन) फ्लेमिंग का निर्देश है कि मुकाबले को आगे बढ़ाते रहें। 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम ने बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिसमें धोनी आठवें नंबर पर है जो कि शानदार है। वह अभी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं (नेट में)। उन्होंने कहा, 'इसके कारण ऊपरी क्रम के बल्लेबाज सकारात्मक (आक्रमण) रुख अपना सकते हैं। उन्हें निश्चित रूप से कोच और कप्तान का समर्थन प्राप्त है। अगर वे ऐसा करते हुए आउट भी हो जाते हैं तो भी यह ठीक है और उनकी आलोचना नहीं की जाएगी। हम तेज खेलना जारी रखना चाहते हैं।

सुपरकिंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वालों में न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र भी शामिल थे जिन्होंने 20 गेंद पर 46 रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। सत्र पूर्व ट्रेनिंग के दौरान रचिन के साथ कैसे काम किया, इस बारे में हसी ने कहा कि यह सब उन्हें 'अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने' की स्वीकृति देने के बारे में था। उन्होंने कहा, 'उसने बेहतरीन शुरुआत की है, यह देखना शानदार है। वह यहां काफी ऊर्जा के साथ आया है और अधिक सीखना चाहता है और टीम पर सकारात्मक प्रभाव डालना चाहता है। वह स्पष्ट दिमाग और अच्छे सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उतरा है।

# धोनी के आगे क्या सिर्फ रिमोट कंट्रोल कप्तान बनकर रह गए गायकवाड़

### दीपक चाहर ने भी ले लिए मजे



**चेन्नई(एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच पिछले हफ्ते चेपॉक स्टेडियम में खेला गया था, उस मैच में एमएस धोनी ही फील्ड सेटिंग कर रहे थे। कैमरामैन भी नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह बार-बार एमएस धोनी पर ही फोकस कर रहा था। गायकवाड़ को कप्तानी देने के बावजूद धोनी के ऑन-फील्ड कप्तान बने रहने पर वीरेंद्र सहवाग और सुरेश रैना जैसे कमेंटेटर्स ने चुटकी ली थी। अब ऐसा ही कुछ नजारा मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान भी देखने को मिला। मैच के बाद तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने सीएसके के खिलाड़ियों की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया है। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी के बीच धोनी की लीडरशिप पर चेन्नई सुपरकिंग्स के सीनियर पेसर दीपक चाहर ने एक मजेदार बयान दिया है। चाहर का कहना है कि उन्हें मैच के दौरान निर्देशों के लिए धोनी और रुतुराज दोनों की ओर देखना होगा। दरअसल, बीती रात गुजरात टाइटंस पर एकतरफा जीत के बाद जब महान क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने दीपक चाहर से पूछा कि वह फील्डिंग डायरेक्शन के लिए किसकी ओर देखते हैं- धोनी या गायकवाड़ तो दाएं हाथ के तेज गेंदबाद ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मुझे आजकल फील्ड सेटिंग और बॉलिंग चेंज के लिए माही भाई और रुतुराज दोनों की ओर देखना होता है इसलिए थोड़ा कन्फ्यूजन है कि कहां देखा जाए, लेकिन रुतुराज अच्छी कप्तानी कर रहे हैं और वह आगे बढ़ रहे हैं। मैच की बात करें तो गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। चेन्नई ने बैटिंग का निमंत्रण मिलने के बाद पहले ओवर में ही मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए कप्तान रुतुराज ने जमकर उठाया। रचिन के जाने के बाद उनके रोल में आते हुए रुतुराज 36 गेंद पर 46 रन ठोक दिए। साल 2022 से रुतुराज बाएं हाथ के पेसर के खिलाफ थोड़े असहज रहे हैं। रुतुराज ने साल 2022 से अभी तक लेफ्टी पेसर के खिलाफ आठ बार अपना विकेट गंवाया था। शायद इसी आंकड़ें को ध्यान में रखते हुए गुजरात ने बाएं हाथ के पेसर स्पेंसर जॉनसन को दोबारा अटैक पर लगाया और एक बार फिर लेफ्ट आर्म पेसर यह बाजी जीत गया।

## शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

चेन्नई (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपए का जुर्माना



लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। गिल की अगुवाई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया। पहली बार किसी आईपीएल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व कर रहे गिल की अगुआई में टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच छह रन से जीता था।

# भारत-पाक द्विपक्षीय श्रृंखला को लेकर क्रिऑस्ट्रेलिया ने दिखाई रुचि : रपोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है, क्या बीसीसीआई और पीसीबी दोनों के बीच मैचों के लिए आपसी सहमति से सहमत होंगे। भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है और दोनों देश केवल विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे वैश्विक आईसीसी आयोजनों में ही भिड़ते हैं।

दोनों एशियाई देश इस नवंबर में एक ही समय पर ऑस्ट्रेलिया में होंगे, क्योंकि सीए ने 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए भारत के पहुंचने से कुछ समय पहले पाकिस्तान के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार सीए के क्रिकेट संचालन प्रबंधक पीटर रोच ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय संस्था भारत और पाकिस्तान के बीच मैच की मेजबानी करने में सक्षम होना पसंद करेगी और दोनों देशों के बोर्डों के प्रति रुचि व्यक्त करना जारी रखेगी।

रोच ने कहा, हम हमेशा मैचों और सामग्री के अवसरों में रुचि रखते हैं जो हमारे प्रशंसकों को शामिल करेंगे और यह कहना उचित है कि दुनिया का हर देश भारत और पाकिस्तान को अपने देश में प्रतिस्पर्धा करते देखना पसंद करेगा। हम रिकॉर्ड पर कह रहे हैं कि हम उन देशों में से एक हैं जिन्होंने सवाल पूछा है।

# हॉकी इंडिया पुरस्कारों में कई वर्गों के पुरस्कार की दौड़ में श्रीजेश, सविता, हरमनप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने 31 मार्च को यहां होने वाले अपने सालाना पुरस्कार समारोह के लिए नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा की जिसमें अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और सविता पूनिया क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। पूर्व कप्तान श्रीजेश और पूनिया भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं जिससे उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है। भारत की पुरुष टीम के कप्तान और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को भी 2 वर्गों के पुरस्कारों में नामांकित किया गया है। वह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के साथ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर पुरस्कार के लिए भी दावेदार होंगे। दोनों वर्गों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए 25-25 लाख रुपए जबकि गोलकीपिंग ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी को 5 लाख रुपए मिलेंगे। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार 8 वर्गों में कुल 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है और पुरस्कारों की कुल राशि 7.56 करोड़ रुपए होगी। हॉकी इंडिया ने कहा कि हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में 30 लाख रुपए का सबसे बड़ा नकद पुरस्कार होगा जो वर्षों से खेल में असाधारण योगदान करने वाले खिलाड़ी को दिया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों का 3 दिन में हिसाब चुकता, छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर

**बीजापुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने गोलीबारी करते हुए 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इस घटना की पुष्टि एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने की है। बतादे कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। सुरक्षा बलों की टीम में कोबरा 210, 205, सीआरपीएफ 229 बटालियन व डीआरजी की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। जवानों ने जंगल में नक्सलियों पर जमकर गोली बरसाई है।? जवानों के द्वारा की गई फायरिंग में 6 नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। इस मुठभेड़ के बाद बासागुड़ा के जंगल में जवानों के द्वारा सर्चिंग करते हुए नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है।? बता दे कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा क्षेत्र में होली के त्यौहार के दिन तीन ग्रामीणों की अज्ञात लोगों के द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड के पीछे पुलिस ने नक्सली वारदात की बात कही थी। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों के द्वारा दोपहर के वक्त गांव के अंदर घुसकर तीनों ग्रामीणों पर हमला किया गया था। जिसमें से दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं एक ग्रामीण को अस्पताल में गंभीर रूप में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस के मुताबिक हमलावरों के द्वारा कुल्हाड़ी से इन ग्रामीणों के सिर पर एक के बाद एक कई बार हमला किया गया है। इस हमले में जिन लोगों की हत्या हुई है उनके नाम चंद्राया मोडियम, अशोक भंडारी और कारम रमेश बताया जा रहा है।

### श्रीलंका जाएंगे राजीव गांधी के हत्यारे, तमिलनाडु सरकार ने हाईकोर्ट को बताया



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय को बताया कि यहां स्थित श्रीलंकाई उच्चायोग ने राजीव गांधी हत्याकांड मामले में दोषी करार दिये गए श्रीहरन उर्फ मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार को यात्रा दस्तावेज प्रदान कर दिया है। स्वदेश वापस भेजने का आदेश जारी होने पर वह घर लौट सकते हैं। अतिरिक्त लोक अभियोजक आर मुनियप्पाराज ने न्यायमूर्ति आर सुरेशकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही थी। बताया कि उन्हें एक सप्ताह के भीतर या विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) द्वारा निर्वासन आदेश जारी होने के बाद श्रीलंका भेज दिया जाएगा। मुरुगन ने याचिका दायर कर त्रिची में अधिकारियों को फोटो पहचान प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने की मांग की थी। आपको बता दें कि मुरुगन उर्फ श्रीहरन श्रीलंकाई नागरिक हैं। वह इस हत्याकांड के उन सात दोषियों में से एक हैं जिन्हें 30 वर्ष से अधिक समय जेल में बिताने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2022 में रिहा कर दिया था। राज्य सरकार द्वारा एफआरआरओ को लिखे पत्र पर जवाब देते हुए मुनियप्पाराज ने दलील दी कि अस्थायी यात्रा दस्तावेज मूल रूप से श्रीलंकाई उच्चायोग ने याचिकाकर्ता को जारी किया था, जिसके आधार पर एफआरआरओ द्वारा आवश्यक स्वदेश वापसी आदेश जारी किया जाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 25 मार्च 2024 को एक पत्र के जरिये यह विषय एफआरआरओ के पास भेज दिया है। उन्होंने कहा कि स्वदेश वापस भेजने का आदेश एफआरआरओ द्वारा जारी किये जाने के बाद याचिकाकर्ता श्रीलंका लौट सकते हैं।

# लोस चुनाव 2024: अलीगढ़ से अब तक सात बार महिलाएं बनी सासंद, लगातार 4 बार बीजेपी ने जीती सीट

**अलीगढ़, एजेंसी।**
अलीगढ़ लोकसभा चुनावों में महिलाओं का भी दबदबा रहा है। 17 लोकसभा चुनाव में सात बार महिलाएं सांसद निर्वाचित होकर संसद पहुंची हैं। सबसे अधिक शीला गौतम के नाम चार बार लगातार सांसद चुने जाने का रिकार्ड है। अभी तक यह रिकार्ड कोई तोड़ नहीं पाया है। 1980 में पहले जनता पार्टी की उम्मीदवार इंद्रा कुमारी जिले की सांसद बनीं थीं।

देश के विभिन्न संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी के साथ राजनीति में भी सक्रियता बढ़ रही है। लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं को पार्टियां उम्मीदवार के रूप में चुनावी अखाड़े में उतार रही हैं। यही कारण है कि महिलाएं सियासी रण में बाजी मारने में कामयाब हो रही हैं। अलीगढ़ लोकसभा सीट पर महिलाओं की भागीदारी व राजनीति में उनकी सक्रियता की बात करें तो वह पुरुष उम्मीदवारों से कम नहीं हैं।



अलीगढ़ में 17 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें सात बार महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई है। राष्ट्रपति से लेकर राज्यपाल के पद पर महिलाएं आसीन हैं। केंद्र में कई महिलाओं के हाथों अहम जिम्मेदारी है। 17 लोकसभा चुनाव में सात बार आधी आबादी अलीगढ़ की सांसद बनकर प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 1980 के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट से ऊषा रानी तोमर जीत दर्ज कराकर संसद पहुंचीं थीं। उस समय चुनाव में 20 प्रत्याशियों में तीन महिला प्रत्याशी थीं। अभी तक नहीं टूटा सांसद के रूप में शीला गौतम का रिकार्ड 1984 के बाद 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा से पहली बार शीला गौतम अलीगढ़ की सांसद बनी थीं। अब तक के इतिहास में अकेली ऐसी सांसद हैं जो लगातार चार बार हुए चुनाव में जीत दर्ज कराने में कामयाब हुई थी। 1999 तक लगातार भाजपा से वह जीतीं थीं। बसपा से राजकुमारी चौहान पहली बार 2009 में सांसद बनीं थीं। बसपा से अभी तक राजकुमारी चौहान के नाम ही महिलाओं में सांसद का चुनाव जीतने का रिकार्ड है। आजादी के बाद पहली बार 1952 में लोकसभा चुनाव हुए थे। अलीगढ़ संसदीय सीट पर 1980 में हुए लोकसभा चुनाव में पहली बार महिला प्रत्याशी इंद्रा कुमारी ने जनता पार्टी से जीत दर्ज कराई थी। उस चुनाव में 26 प्रत्याशियों में से चार महिला प्रत्याशी थीं। पहली बार सांसद बनने का रिकार्ड अपने नाम करने वालीं इंद्रा कुमारी जालौन जिले के जगम्मनपुर राज्य की राजकुमारी होने के साथ ही गभाना एस्टेट के चेतनराज की पत्नी थी। 18वें लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। फिलहाल इस बार अभी तक भाजपा व कांग्रेस-सपा गठबंधन से कोई महिला उम्मीदवार नहीं है। बसपा ने अभी तक अपने पते नहीं खोले है।

## आकाश आनंद को मायावती ने दी प्रचार की जिम्मेदारी, बीएसपी के लिए 25 ताबड़तोड़ रैली करेंगे

**लखनउ, एजेंसी।** यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी पूरा जोर लगा रही है। बसपा जनता तक पहुंचाने की पूरी कोशिश में लगी है। इस बीच मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद की भी एंट्री होने जा रही है। मायावती ने इस बार आकाश आनंद को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है। यूपी की सियासत में धमाकेदार एंट्री के साथ आकाश आनंद ताबड़तोड़ 25 रैलियां करेंगे। यूपी में मायावती अपनी सभाएं भी करेंगी। पहले की तरह वह मंडलवार सभाएं करेंगी। कुछ मजबूत प्रत्याशियों के लिए उनके क्षेत्र में सभाएं करने जा सकती हैं। आकाश आनंद भी इन सभाओं में उनके साथ शामिल हो सकते हैं। आकाश आनंद को हाल ही में मायावती ने अपना राजनितिक उत्तराधिकारी घोषित किया है। आकाश के पास यूपी और उत्तराखंड को छोड़कर दूसरे राज्यों में बीएसपी के संगठन को विस्तार देने की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर बनने के बाद आकाश आनंद बसपा को दूसरे राज्यों में मजबूत करने में जुटे हैं। अब इस लोकसभा चुनाव के आकाश आनंद की यूपी में एंट्री होगी। अब वह चुनाव प्रचार के दौरान जनता को बसपा को वोट देने को लेकर रिझाएंगे। आकाश आनंद 6 अप्रैल से पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। 6, 7, 8, 11, 13, 17, 25, 25. 26, 28 अप्रैल, 1 मई को आकाश आनंद यूपी में लोकसभा चुनाव प्रचार करेंगे। आकाश आनंद बरेली मंडल, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, सहारनपुर, कैराना, गोरखपुर, बस्ती मंडल, वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज, मिर्जापुर, अयोध्या और कई लोकसभा क्षेत्रों में जाकर बसपा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

## भाजपा ने दिलीप घोष से मांगी सफाई, ममता बनर्जी को लेकर दिया था विवादित बयान

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पार्टी नेता दिलीप घोष से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनकी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। बीजेपी सुप्रीमो ने एक पत्र लिखकर कहा है कि दिलीप घोष की टिप्पणी अशोभनीय और असंसदीय होने के साथ-साथ पार्टी के लोकाचार और मूल्यों के खिलाफ है। भाजपा ने कहा कि वह इस तरह की टिप्पणियों की कड़ी निंदा करती है और इस मुद्दे पर दिलीप घोष से स्पष्टीकरण मांगती है।

आपको बता दें कि दिलीप घोष के बयान पर विवाद खड़ा हो गया। इस पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पलटवार करते हुए कहा कि यह टिप्पणी भाजपा के डीएनए को दर्शाती है। टीएमसी ने इस वीडियो को लेकर घोष के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है। टीएमसी ने घोष की आलोचना करते हुए कहा कि यह वीडियो क्लिप साझा किया।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को टीएमसी के चुनावी नारे बांग्ला निजेर मेयेके चाई (बंगाल अपनी बेटी चाहता है) का मजाक उड़ाते हुए देखा जा सकता है। वह इस बार बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

वीडियो क्लिप में दिलीप घोष ने कहा, ''जब वह गोवा जाती हैं तो कहती हैं कि वह गोवा की बेटी हैं। त्रिपुरा में वह कहती हैं कि वह त्रिपुरा की बेटी हैं। पहले उन्हें अपने पिता की पहचान करनी चाहिए।। ''

पश्चिम बंगाल की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने घोष से माफी की मांग की और कहा कि यह टिप्पणियां भाजपा के डीएनए को दर्शाती हैं। शशि पांजा ने कहा, ''उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए। यह टिप्पणियां भाजपा खेमे के डीएनए को दर्शाती हैं, जिससे भाजपा की स्त्रीद्वेषी मानसिकता की बू आती है। निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। ''

टीएमसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दिलीप घोष राजनीतिक नेतृत्व के नाम पर कलंक हैं! मां दुर्गा की वंशावली को चुनौती देने से लेकर अब श्रीमती ममता बनर्जी की वंशावली पर सवाल उठाने तक। वह नैतिक दिवालियापन की सबसे गंदी गहराइयों में डूब गए हैं। एक बात बिल्कुल स्पष्ट हैः घोष के मन में बंगाल की महिलाओं के लिए कोई सम्मान नहीं है, चाहे वह हिंदू धर्म की प्रतिष्ठित देवी हों या भारत की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हों।''

# केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, पूर्व सीएम नबाम तुकी ने अरुणाचल में नामांकन पत्र दाखिल किया

**ईटानगर, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार किरेन रिजिजू ने मंगलवार को अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, विधायक केंटो जिनी और न्यामार कारबाक के साथ रिजिजू ने पश्चिम सियांग जिले के मुख्यालय आलो में अपना पर्चा दाखिल किया।

रिजिजू ने अपना उम्मीदवारी पर्चा जमा करने के बाद एक्स पर लिखा मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उपस्थिति और समर्थन के लिए माननीय मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भाजपा के साथ अरुणाचल प्रदेश प्रगति और सफलता की राह पर है। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष नबाम तुकी ने भी अरुणाचल पश्चिम सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। छह बार के विधायक, 60 वर्षीय कांग्रेस नेता तुकी 1991 से पापुमपारे जिले के सागली निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में भाजपा के प्रमुख नेताओं में से एक रिजिजू ने 2019 के चुनाव में लगातार तीसरी बार सीट जीती थी और 204,553 वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी को 1,74,843 वोटों के अंतर से हराया था। वह पहली बार 2004 में अरुणाचल पश्चिम संसदीय क्षेत्र से 14वीं लोकसभा के लिए चुने गए, लेकिन 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार तकम संजय से चुनावी लड़ाई हार गए थे।





53 वर्षीय नेता को 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए फिर से चुना गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल किया। न्यीशी जनजाति से ताल्लुक रखने वाले रिजिजू को 2019 में उसी अरुणाचल पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से 17वीं लोकसभा के लिए चुना गया और उन्हें युवा मामलों और खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और अल्पसंख्यक मामलों का राज्यमंत्री नियुक्त किया गया।

दो लोकसभा सीटों - अरुणाचल पश्चिम और अरुणाचल पूर्व - के साथ अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे। पूर्वोत्तर राज्य में 60 विधानसभा क्षेत्र हैं। विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती 2 जून को और लोकसभा चुनाव के लिए 4 जून को होगी।

# समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाला विधेयक थाइलैंड के निचले सदन में पारित

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाइलैंड की संसद के निचले सदन ने बुधवार को एक विवाह समानता विधेयक को भारी बहुमत से पारित कर दिया जिसमें समलैंगिक विवाह समेत किसी भी लैंगिक पहचान के लोगों के बीच विवाह संबंधों को मान्यता दी गई है। इस विधेयक के कानून बनने के साथ थाइलैंड किसी भी लैंगिक पहचान वाले जीवनसाथियों के समानता के अधिकार को कानूनी मान्यता देने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बन जाएगा। प्रतिनिधि सभा में उपस्थित 415 सदस्यों में से 400 ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, वहीं 10 लोगों ने इसके खिलाफ मतदान किया। पांच सदस्यों ने मतदान से दूरी बनाई या उसमें भाग नहीं लिया। विधेयक में नागरिक और व्यावसायिक संहिता में संशोधन कर 'पुरुषों और महिलाओं' तथा 'पति और पत्नी' शब्दों की जगह 'लोग' और 'वैवाहिक जीवनसाथी' शब्द डाले गए हैं। यह विधेयक 'एलजीबीटीक्यू प्लस' दंपतियों को पूरी तरह कानूनी, वित्तीय और चिकित्सा अधिकार प्रदान करेगा। विधेयक अब सीनेट में जाएगा,



जो निचले सदन से पारित होने वाले किसी भी विधेयक को बमुश्किल ही कभी खारिज करता है। इसके बाद विधेयक को थाइलैंड के नरेश की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसके कानून बनने के बाद थाइलैंड दक्षिण पूर्व एशिया का पहला और एशिया में ताइवान तथा नेपाल के बाद तीसरा ऐसा देश बन जाएगा जहां इस तरह का कानून पारित हुआ है।

# अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने इजराइल से गाज़ा में आम लोगों की रक्षा करने का आग्रह किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों ने इज़राइल के अपने समकक्षों से मंगलवार कोकहा कि दक्षिणी शहर रफह में कोई भी सैन्य अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता वितरण को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाए। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इज़राइल के रक्षा मंत्री ने इस बात को सुना लेकिन यह साफ नहीं है कि इस बैठक का गाज़ा के लिए इज़राइल की योजना और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर क्या असर पड़ेगा।

अमेरिकी नेता रफह में ज़मीनी हमले के खिलाफ लगातार चेता रहे हैं और वैकल्पिक और सटीक लक्ष्य साधकर अभियान चलाने पर जोर दे रहे हैं। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में हुई 90 मिनट की बैठक को बहुत ही सार्थक और विचारपूर्ण बताया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने गाज़ा में मानवीय स्थिति में सुधार की शर्त पर इज़राइल को भविष्य में अमेरिकी सैन्य सहायता देने की बात कही है तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका सशस्त्र संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करना जारी रखेगा। बैठक में ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ जनरल सीक्यू ब्राउन भी शामिल थे और यह ऐसे वक्त में हुई है जब अमेरिका और इज़राइल के संबंधों में तनाव आ गया है। इज़राइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने एक बयान में कहा कि उन्होंने क्षेत्र में इज़राइल की गुणात्मक सैन्य बढ़त सुनिश्चित करने के लिए इज़राइली और अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठानों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग पर चर्चा की। अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि इजराइली बलों को सटीक निशाना बनाकर कार्रवाई करनी चाहिए जो गाज़ा में कहीं भी मौजूद हमास नेताओं के खिलाफ प्रभावी रही है। अधिकारी ने गैलेंट की प्रतिक्रिया के बारे में विवरण देने से इनकार कर दिया। अधिकारी ने कहा, ÷दोनों मंत्रियों के बीच आज बहुत अच्छी बातचीत हुई।

# एस जयशंकर ने मलेशियाई विदेश मंत्री से मुलाकात की, बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**कुआलालंपुर, एजेंसी।**
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ भारत और मलेशिया के बीच 'बहुआयामी' द्विपक्षीय संबंधों तथा क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर 'उपयोगी और स्पष्ट' चर्चा की। जयशंकर सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया के अपने तीन राष्ट्रों के दौरे के अंतिम और तृतीय चरण में कुआलालंपुर में हैं।

मलेशिया के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि



जयशंकर ने यहां मलेशिया के विदेश मंत्री हसन से मुलाकात की और उनके बीच 'उपयोगी तथा स्पष्ट' चर्चा हुई, जिसमें मलेशिया-भारत द्विपक्षीय मामलों के बहुमुखी आयामों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान शामिल था। दोनों मंत्रियों ने उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य तिथि पर मलेशिया और भारत की 7वें संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने पर भी चर्चा की।

बयान के अनुसार, हसन ने दिसंबर 2023 में पदभार संभाला था और तब से जयशंकर और उनकी यह पहली मुलाकात है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर आज प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात करेंगे और डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात कर सकते हैं। बयान के अनुसार जयशंकर की यात्रा का उद्देश्य भारत और मलेशिया के बीच सहयोग बढ़ाना तथा साझा चुनौतियों एवं अवसरों की समझ का विस्तार करना है।

## लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में चुनाव के दौरान भारतीय छात्र के खिलाफ नफरती अभियान, इस्लामोफोब कहा गया

**लंदन, एजेंसी।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) के एक भारतीय छात्र सत्यम सुराणा ने आरोप लगाया है कि इस साल के छात्र संघ चुनावों के लिए प्रचार करते समय उन्हें निशाना बनाया गया और फासीवादी कहा गया। सत्यम पिछले साल तब खबरों में थे जब उन्होंने यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायोग पर खालिस्तानी तत्वों द्वारा किए गए हमले के दौरान निडर होकर जमीन से तिरंगा उठा लिया था। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए पुणे में जन्मे सत्यम ने आरोप लगाया कि छात्र संघ चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले उनके खिलाफ अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके विरोधियों ने उन्हें भाजपा से जोड़ा और उनका बहिष्कार करने के लिए उन्हें %फासीवादी% करार दिया। विस्तार से बताते हुए, सत्यम ने कहा कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में चुनावों की घोषणा इस साल फरवरी और मार्च की शुरुआत में की गई थी, जिसके बाद उन्होंने महासचिव पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। 14 से 15 मार्च तक हमने देखा कि मेरे पोस्टर फाड़े जा रहे थे, फाड़े जा रहे थे। हमने अधिकारियों से शिकायत की. 16 तारीख को जब हमने अपने पोस्टर बदले तो हमने देखा कि कुछ पोस्टर ख़राब हो गए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129